सुविचार

समय और समझ एक साथ खुश किस्मत लोगों को ही मिलते हैं अक्सर समय पर समझ नहीं होती और समझ आने पर समय बीत जाता है

# संवाद साधना

संस्थापक - स्व.श्री विजय शर्मा ✷ महासमुंद, कोरबा एवं जांजगीर-चांपा से एक साथ प्रकाशित Email-sadhana.vivek@gmail.com

वर्ष - 20 | अंक - 273 | महासमुंद, मंगलवार 08 अप्रैल 2025 डाक-09 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-08 | मूल्य 1.00


## न्यूज ब्रेक

### एनएमडीसी स्टील प्लांट में गैस लीक के कारण भीषण आग

**जगदलपुर (ए.)।** नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट में उस समय हड़कंप मच गया जब कोक ओवन सेक्शन में गैस लीक होने के बाद भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी विकराल थी कि लपटें और धुआं 10 किलोमीटर दूर से साफ नजर आ रहे थे। प्लांट में रखी कीमती बैटरियां जलकर खाक हो गईं। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडियां शहर से 18 किमी दूर से घटनास्थल पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इस हादसे में प्लांट को करोड़ों का नुकसान हुआ है, साथ ही मेंटनेंस और उत्पादन में देरी के कारण और भी बड़ा घाटा होगा। इस पूरे घटनाक्रम में राहत की बात यह रही कि समय रहते कर्मचारियों ने खुद को सुरक्षित कर लिया, जिससे जनहानि नहीं हुई। आग लगते ही पूरे प्लांट में अफरा-तफरी मच गई, जहां कर्मचारी जान बचाने में जुटे रहे। वहीं, कुछ अधिकारियों ने हालात को रूटीन बताते हुए कर्मचारियों को काम पर लगाए रखने का दबाव बना दिया, जिससे उनकी सुरक्षा पर सवाल उठने लगे।



### आसाराम को फिर राहत, 30 जून तक बढ़ी अंतरिम जमानत

**जोधपुर (ए.)।** मणाई आश्रम में नाबालिग से रेप के दोषी आसाराम को एक बार फिर राहत मिल गई है। राजस्थान हाईकोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत की अवधि 1 जुलाई तक बढ़ा दी है। यह राहत उसे सुप्रीम कोर्ट और गुजरात हाईकोर्ट से पहले ही मिले बेल ग्राउंड के आधार पर दी गई है।हाईकोर्ट की जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार की खंडपीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की शर्तें जस की तस लागू रहेंगी। पीड़िता के वकील पीसी सोलंकी ने आरोप लगाया कि आसाराम ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई शर्तों का उल्लंघन करते हुए प्रवचन किए हैं। इसके जवाब में आसाराम की ओर से वकील निशांत बोड़ा ने कोर्ट में शपथ पत्र पेश कर कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। सरकार की ओर से पेश जांच रिपोर्ट में भी प्रवचन की पुष्टि नहीं हुई, सिर्फ साधकों से मिलने की बात सामने आई।






## आप अखबार में पढ़ते हैं कि यह अमीरों की सरकार है... पीएम मोदी का जवाब सुन खूब लगे ठहाके

# पीएम मोदी की मुद्रा योजना के लाभार्थियों से खास बातचीत

**नईदिल्ली, 08 अप्रैल (एजेंसी)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना की 10वीं वर्षगांठ पर लाभार्थियों से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर परोक्ष रूप से निशाना भी साधा। उन्होंने बताया कि मुद्रा योजना के तहत 33 लाख करोड़ रुपये के जमानत-मुक्त ऋण दिए गए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा कि मुद्रा योजना मोदी की प्रशंसा के लिए नहीं है। यह योजना मेरे देश के युवाओं को अपने पैरों पर खड़े होने का साहस देने के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के लोगों को बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। आप अखबार में पढ़ते हैं कि यह अमीरों की सरकार है। अगर आप सभी अमीरों का जोड़ भी दें तो भी उन्हें 33 लाख रुपए नहीं मिले होंगे। 33 लाख करोड़ रुपए देश के आम आदमी को दिए गए हैं। आज भारत के युवा, उनके पास जो उद्यमशीलता का हुनर है, अगर उन्हें थोड़ी सी मदद मिल जाए तो बहुत बड़े नतीजे मिलते हैं। यह मुद्रा योजना किसी भी सरकार के लिए आंख खोलने वाली है। इसमें सबसे ज्यादा महिलाएं आगे आई हैं। पीएम मोदी ने कहा, इस योजना को लागू हुए 10 साल हो गए हैं। सामान्य तौर पर सरकार का स्वभाव क्या है? वो निर्णय लेते हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं और घोषणा करते हैं कि हम ये करेंगे और फिर कुछ लोगों को बुलाकर दीये जला देते हैं। लोग ताली बजाते हैं और अखबार में छप जाता है और उसके बाद कोई नहीं पूछता। ये सरकार ऐसी है कि किसी योजना के परिणामों का मूल्यांकन 10 साल बाद करती है।

हम लाभार्थियों से उनके अनुभव के बारे में पूछ रहे हैं और अगर इसमें कोई बदलाव लाने की जरूरत है, कुछ सुधार की जरूरत है, तो हम उस दिशा में भी आगे बढ़ने वाले हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत लभार्थी को तीन कैटेगरी के अंतर्गत लोन प्रदान किया जाता है। इसमें शिशु कैटेगरी में 50 हजार रुपये तक का लोन प्रदान किया जाता है। किशोर कैटेगरी में 10 लाख रुपये का लोन सरकार देती है। वहीं तरुण कैटेगरी में 20 लाख रुपये का लोन सरकार लभार्थी को देती है।

# 'यूपी में कानून के शासन का उल्लंघन, जुमार्ना लगाएंगे'

### सुप्रीम कोर्ट ने सिविल मामलों को आपराधिक में बदलने की प्रवृत्ति पर जताई नाराजगी

**लखनऊ, 08 अप्रैल (एजेंसी)**

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच चैक अनादरण से संबंधित मामले में आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक धमकी और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में दर्ज मामले को समाप्त करने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा कि मामला अनिवार्य रूप से एक सिविल लेनदेन से संबंधित था, समन आदेश ही कानूनी रूप से गलत है क्योंकि बकाया राशि वापस करने के लिए कोई अपराध नहीं बनाया जा सकता है। सीजेआइ ने कहा यूपी में क्या हो रहा है? हर दिन सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। यह कानून के शासन का पूरी तरह खात्मा है। सीजेआइ ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि मौजूदा मामले में जांच अधिकारी को यह साबित करना होगा कि केस के तथ्यों के आधार पर आपराधिक मामला कैसे बनाया जा सकता है। सुनवाई के दौरान केस डायरी में पूरी प्रविष्टियां नहीं होने पर बेंच ने कहा



कि इस बारे में शरीफ अहमद प्रकरण में पूर्व में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश की पालना नहीं हो रही। बेंच ने फटकार लगाते हुए पुलिस महानिदेशक को शरीफ अहमद मामले में फैसले की पालना संबंधी हलफनामा देने के निर्देश दिए।

### अफसर पर मुकदमे में पूर्व मंजूरी जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी लोक सेवक (सरकारी अधिकारी-कर्मचारी) पर उसके आधिकारिक कार्य के दौरान किसी कृत्य के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने से पहले सरकार की पूर्व मंजूरी जरूरी है, भले ही लोक सेवक ने अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया हो या अपने कर्तव्य का निर्वहन करते समय अनुचित तरीके से काम किया हो। बेंच ने स्पष्ट किया कि यदि लोक सेवक का कृत्य उसके आधिकारिक कार्यों से पूरी तरह असंबद्ध है, तो अभियोजन के लिए मंजूरी की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के दो पुलिस अधिकारियों पर हिरासत में मारपीट संबंधी मामले में यह फैसला सुनाया।

# आज से 50 रुपए महंगा मिलेगा सिलेंडर

**नईदिल्ली, 08 अप्रैल (एजेंसी)**



आम जनता की जेब पर एक नई मार पड़ने वाली है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी का ऐलान हो चुका है, जिसके बाद देशभर में 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर के दाम नए सिरे से प्रभावी हो गए हैं। यह बढ़ोतरी न केवल महानगरों बल्कि छोटे शहरों और कस्बों तक में लोगों के बजट को प्रभावित करने वाली है। आइए, एक नजर डालते हैं कि इस वृद्धि के बाद आपके शहर में सिलेंडर की कीमत क्या होगी और इसके पीछे की वजह क्या है। दिल्ली में अब 14.2 किलो का घरेलू एलपीजी सिलेंडर 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये का हो गया है। कोलकाता में यह कीमत 829 रुपये से उछलकर 879 रुपये पर पहुंच गई है। मुंबई में सिलेंडर का दाम 802.50 रुपये से बढ़कर 852.50 रुपये हो गया है, जबकि चेन्नई में उपभोक्ताओं को अब 818.50 रुपये की जगह 858.50 रुपये चुकाने होंगे। इन बड़े शहरों में रहने वाले परिवारों के लिए यह बढ़ोतरी रसोई के खर्च में सीधा इजाफा करेगी। इससे पहले 1 अगस्त 2024 को घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में बदलाव हुआ था। इसके बाद 7 अप्रैल 2025 को नई बढ़ोतरी की घोषणा की गई, जो आज से लागू हो गई है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस फैसले पर सफाई देते हुए कहा कि यह कदम ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए उठाया गया है। उनके मुताबिक, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सिलेंडर की कीमत 500 रुपये से बढ़कर 550 रुपये और अन्य उपभोक्ताओं के लिए दिल्ली में 803 रुपये से 853 रुपये हो गई है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इस फैसले की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।

### पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क का असर

मंत्री ने यह भी बताया कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में हालिया वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। इस बढ़ोतरी का मकसद ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की राहत देना है, जो उन्हें गैस के कारोबार में हुए नुकसान से उबार सके। हरदीप सिंह पुरी ने कहा, 'हम हर 2-3 सप्ताह में स्थिति की समीक्षा करते हैं, ताकि उपभोक्ताओं और कंपनियों के बीच संतुलन बना रहे।'

# वर्तमान और पूर्व प्रधान के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग रास्ते से निकलने को लेकर हुआ था विवाद, तीन की मौत

**नईदिल्ली, 08 अप्रैल (एजेंसी)**

फतेहपुर जिले के हथगांव थाना क्षेत्र में वर्चस्व की लड़ाई में गोलीबारी की सनसनीखेज घटना सामने आई है। इसमें थाना क्षेत्र के अखरी गांव में वर्तमान और पूर्व प्रधान के बीच ताबड़तोड़ गोलियां चलीं। इसमें प्रधान पक्ष से तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से जनपद में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस के अधिकारी और फोर्स मौके पर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि रास्ते से निकलने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग की गई। पुलिस जांच में जुटी है।






# विधानसभा में दूसरे दिन भी वक्फ कानून पर हंगामा

### नेकां और पीपुल्स कांफ्रेंस विधायकों के बीच झड़प

**नईदिल्ली, 08 अप्रैल (एजेंसी)**

वक्फ कानून को लेकर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आज भी हंगामा जारी है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेकां और पीपुल्स कांफ्रेंस के विधायकों के बीच नोकझोंक हो गई। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को दूसरे दिन भी वक्फ कानून पर हंगामा जारी है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रस्ताव के पर भाजपा विधायकों ने विरोध किया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक वक्फ कानून पर चर्चा की मांग पर अड़े हैं। दूसरे दिन हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इस दौरान नेकां और पीपुल्स कांफ्रेंस के बीच नोकझोंक हुई। नेकां और पीडीपी विधायकों के बीच भी बहस हुई। नेकां के विधायक वक्फ कानून पर विधानसभा में बहस की मांग पर अड़े हैं। इससे पहले सोमवार को वक्फ कानून पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष के विधायकों ने इसे मुस्लिम विरोधी करार दिया। भाजपा ने इसका विरोध किया। इससे मामला गरमा गया। दोनों पक्षों में तीखी नोक-झोंक हुई। कांग्रेस विधायक इरफान अहमद लोन और भाजपा विधायक सतीश शर्मा के बीच धक्का-मुक्की हो गई। विधेयक के विरोध में लिखे नारों के कागज फाड़ दिए गए। विधानसभा के बजट सत्र का 13 दिनों बाद शुरू हुआ दूसरे चरण का पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। सुबह प्रश्नकाल के शुरू होते ही सत्तापक्ष के तनवीर सादिक, कांग्रेस, पीडीपी व निर्दलीय विधायकों ने वक्फ कानून पर बहस के लिए स्थगन प्रस्ताव लाने की मांग की। इसे स्पीकर एडवोकेट अब्दुल रहीम राथर ने खारिज कर दिया। उन्होंने विधानसभा के नियम 58 के उप नियम सात का हवाला दिया।

### 64 वर्ष बाद गांधी-पटेल की धरती पर आज से कांग्रेस का अधिवेशन

**अहमदाबाद (ए.)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की धरती अहमदाबाद में मंगलवार से कांग्रेस का 86 वां अधिवेशन आरंभ होगा। पार्टी दो दिन मनोमंथन के दौरान भविष्य का रोड मैप तैयार करेगी। इसमें देश भर के कांग्रेस के नेताओं का जमावड़ा लगेगा। कांग्रेस उस राज्य में 64 वर्ष बाद अपना अधिवेशन कर रही है जहां पर पार्टी पिछले तीन दशक से सत्ता से बाहर है। तीन दशक से गुजरात में सत्ता से बाहर चल रही कांग्रेस राज्य के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए राष्ट्रीय अधिवेशन कर रही है। भावनगर में वर्ष 1961 में हुए अधिवेशन के बाद मंगलवार एवं बुधवार को अहमदाबाद में राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। अधिवेशन की तैयारियां पूरी हो गई हैं। कई शीर्ष नेताओं का आना भी शुरू हो गया है। अधिवेशन के तहत मंगलवार को शहर के शाहीबाग स्थित सरदार पटेल स्मारक भवन में सुबह 11.30 बजे से कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक होगी।

## न्यूज ब्रेक

### 12 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थ

**राजनांदगांव, 08 अप्रैल (एजेंसी)।** थाना डोंगरगांव पुलिस ने 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1,39,000 रुपये की नकदी, 12 मोटरसाइकिल, और 11 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दिशा-निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने ग्राम मारगांव के बांध के पास जुआ खेलने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रेड की। कार्यवाही के दौरान मौके से आरोपी पकड़े गए और जुआ संबंधित सामग्री, जैसे 52 पत्तियों का तास, नगदी रकम, मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन जब्त किए गए। पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें विवेक कुमार, अनुप कुमार, आनंद शर्मा, प्रेमलाल डोंगरे, जितेन्द्र सेन, विकास सतनामी, विकास मेश्राम, चन्दुराम, चन्द्रकांत लरिया, लम्बोदर सोनी, रोशन कुंवर और अशोक सिन्हा शामिल हैं। इन पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। रेड के दौरान कुछ आरोपी मौके से फरार हो गए। जिनमें गोलू सिन्हा (ग्राम कोकपुर), विनोद राय (ग्राम अर्जुनी), लल्लू यादव (मोतीपुर), और शिवा सिन्हा (ममतानगर) शामिल हैं। पुलिस उनके खिलाफभी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### चाकू दिखाकर दहशत फैलाने के आरोप में नाबालिग गिरफ्तार

**कोरबा, 08 अप्रैल (एजेंसी)।** कोरबा अंचल के मानिकपुर चैकी क्षेत्र अंतर्गत मेले में चाकू दिखाकर लोगों के बीच दहशत फैलाने के आरोप में एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्र के अवसर पर एसईसीएल कालीबाड़ी में आयोजित मेले में एक नाबालिग अपनी हरकतों से लोगों को डरा-धमका रहा था। वह नाबालिक झूलों वालों को चाकू दिखाकर मुफ्त में झूलों का आनंद लेना चाह रहा था। शिकायत मिलते ही तत्काल मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त नाबालिग को पकड़कर पुलिस चैकी ले आई, जिसके खिलाफ पुलिस द्वारा विधि-सम्मत कार्यवाही की जा रही हैं। बताया जा रहा है, कि नाबालिग ने चाकू को ऑनलईन प्लेटफॉर्म के जरिए मंगवाया था और उसी से दहशत फैलाने का काम कर रहा था।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान

**कोरबा, 08 अप्रैल (एजेंसी)।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत हरदीबाजार एवं दीपका थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितीश ठाकुर तथा नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल कुमार पाठक के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही की गई। दिनांक 05अप्रैल को हरदीबाजार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अण्डीकछार धनवारपारा निवासी राजकुमार अगरिया (उम्र 40 वर्ष) द्वारा अपने घर के परछी में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री की जा रही है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी के कब्जे से चार जरीकनों में कुल 45 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, बिक्री की रकम एवं पन्नी बरामद कर जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 44 2025, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की मांग को बीएसपी प्रबंधन ने किया स्वीकार- इन्द्रजीत सिंह

**भिलाई 08 अप्रैल (एजेंसी)।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की मेहनत रंग लाई। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कई बार बीएसपी प्रबंधन से मिलकर अपनी समस्याओं को लगातार अवगत कराकर उसके निराकरण की मांग करते आ रहा था लेकिन अब जाकर इनको सफलता मिली है और बीएसपी प्रबंधन ने इनकी मांगों को स्वीकार कर लिया है। उक्त बातें हमारे संवाददाता से भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कही। श्री सिंह ने बताया कि लंबे समय से एसोसिएशन द्वारा एलडी स्लैग की गाडियों के आवागमन को लेकर जो मुद्दा उठाया जा रहा था, उस पर अब सकारात्मक निर्णय ले लिया गया है।



बीएसपी मैनेजमेंट ने एलडी स्लैग ढोने वाली गाडियों को 7 नंबर गेट से प्रवेश देने की अनुमति दे दी है। इस फैसले से ट्रांसपोर्टरों को काफी सहूलियत मिलेगी। इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अब प्रतिदिन 70 गाडियों को एलडी स्लैग सामग्री के परिवहन के लिए 7 नंबर गेट से प्रवेश का परमिशन दिया गया है। पहले ट्रकों को अन्य गेट से होकर लंबा और जटिल मार्ग तय करना पड़ता था, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि ईंधन की खपत और ट्रैफिक की समस्याएं भी बढ़ती थीं। 7 नंबर गेट से अनुमति मिलने के बाद अब गाडियों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम हो सकेगा।एसोसिएशन की ओर से यह मुद्दा कई बार बीएसपी मैनेजमेंट के समक्ष उठाया गया था। बैठकें भी हुईं, जिनमें परिवहन व्यवसायियों ने अपनी समस्याएं रखीं। अंततः बीएसपी प्रबंधन ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बातों को समझते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह ने भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की ओर से बीएसपी मैनेजमेंट का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल ट्रांसपोर्टरों के हित में है, बल्कि इससे संयंत्र क्षेत्र में सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।एसोसिएशन को उम्मीद है कि भविष्य में भी बीएसपी प्रबंधन इसी तरह सहयोग करता रहेगा और ट्रांसपोर्ट सेक्टर की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुलझाया जाएगा।

# ज़मीन विवाद पर प्राणघातक हमला, एक की मौत

**बिलासपुर 08 अप्रैल (एजेंसी)।** ग्राम भीमपुरी चौकी जूनापारा राम्हेपुर रोड में शासकीय आंगनबाड़ी भवन को आरोपी शशी नवरंग ने अवैध रूप से कब्जा किया था, उक्त भवन से लगा हुआ प्रार्थी छेदी नवरंग का घर है जो घर के पीछे मकान बना रहा था व आंगनबाडी भवन के छज्जा के किनारे को तोड दिया था. इसी बात पर से दिनांक 04 अप्रैल को रात्रि करीबन 09:30 बजे सुरेश नवरंग, शशि नवरंग, राजकुमार नवरंग, विनोद नवरंग, पवन नवरंग एवं अन्य सभी एक राय होकर लाठी डण्डा से लैश होकर छज्जा को तोड़ने की बात पर से प्रार्थी तथा बीच बचाव करने आये उसके परिवारजनों से अश्लील गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देकर प्राण घातक हमला करते हुये मारपीट किये हैं। साधेलाल नवरंग के सिर में गंभीर चोंट लगने से ईलाज हेतु लोरमी अस्पताल से सिम्स अस्पताल बिलासपुर ले जाते समय मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर अपराध धारा 296,115(2), 351 (2),190,191(2),103 (1) बीएनएस. कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। घटना के संबंध में श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर रजनेश सिंह को अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता से जांच करने व आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश प्राप्त होने पर, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा श्रीमती नुपुर उपाध्याय के दिशानिर्देश पर विवेचना के दौरान आरोपियों की पतासाजी कर सुरेश नवरंग, राजकुमार नवरंग, विनोद नवरंग, पवन नवरंग व अन्य अपचारी बालकों के द्वारा घटना में प्रयुक्त लाठी डण्डा जप्त कर दिनांक 06अप्रैल को विधिवत् गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।



# सराफा दुकान में खरीदारी के बहाने चोरी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

**बिलासपुर, 08 अप्रैल (एजेंसी)।** खरीदी करने के बहाने से ज्वलेरी दुकान में चोरी करने वाली तीन महिलाओं समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही बिल्हा के शिवशंकर ज्वलर्स के संचालक द्वारा की गई शिकायत के बाद की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से 26,83,230 रूपये के सोने व चांदी के गहने बरामद किया है। बता दें कि शिवशंकर ज्वेलर्स बिल्हा के संचालक प्रार्थी मनोहर जायसवाल निवासी बिल्हा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी संजना साहू, अपने अन्य महिला साथियों के साथ उनके दुकान में सोने चांदी का आभूषण खरीदने पिछले 02-03 वर्षो से आ रही हैं। जो व्यापार में लगातार हो रहे नुकसान पर आशंका होने पर उनके द्वारा दुकान में लगे सीटीटीवी कैमरों की जांच की गई जिसमें संजना साहू द्वारा अपने अन्य महिला साथियो के साथ आभूषण चोरी करते देखी गई। जिसके बाद प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना में आरोपियों के खिलाफ धारा 305, 3(5) भान्यास पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एवं उनकी तलाश शुरू की गई। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी पुनः खरीदी के बहाने प्रार्थी के दुकान आने वाले है। सुचना पर पुसिस ने घेराबंदी कर चारे लोगों को पकड़ लिया तथा विधिवत पुछताछ की। पुछताछ में मुख्य आरोपी बहतराई बिलासपुर निवासी संजना साहू ने शिवशंकर ज्वेलर दुकान में अपने रिश्ते की ठकुरदेवा निवासी ममेरी बहन से बातचीत के दौरान जानकारी होने पर पिछले 02-03 सालो से खरीदारी करने जाना एवं अवसर पाकर सोने चांदी के आभूषण चोरी करना स्वीकार किया, इसके साथ साथ अन्य आरोपीयों ने भी जुर्म करना स्वीकार किया। विवेचना के दौरान आरोपीयो से घटना में प्रयुक्त सोने की आभूषण करीब 23 तोला सोना एवं 1.6 किलो ग्राम चांदी के आभूषण सहित बिक्री रकम 4,47000 रूपये जुमला किमती 26,83,230 रू. का आरोपीयो के निशानदेही पर जप्त किया गया है। इसके साथ साथ घटना में प्रयुक्त दो नग कार भी जप्त किया गया हैं। मुख्य महिला आरोपी संजना ने बताया कि चोरी का आभूषण उसके पति द्वारा बाजार में बिक्री किया जाता था। आरोपीयो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु भेजा जा रहा है। आरोपीयो की अन्य दुकानो मे चोरी करने के सबंध में जांच किया जा रहा है। साथ ही अन्य संलिप्त आरोपीयों की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी। मामले में पुलिस ने संजना साहू उर्फरेखा तिवारी पति संजू तिवारी उम्र 36 वर्ष, सीमा साहू पति गोलू साहू उम्र 30 वर्ष दोनो निवासी बहतराई थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर, अनिता साहू पति कोमल साहू उम्र 25 वर्ष निवासी मोपका तथा कोमल साहू पिता सुखराम साहू उम्र 26 वर्ष निवासी मोपका थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर को गिरफ्तार किया है।



# कुलीपोटा में सायबर जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**जांजगीर-चांपा, 08 अप्रैल (संवाद साधना)।** सायबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन थाना जांजगीर क्षेत्र के ग्राम कुलीपोटा में थाना जांजगीर पुलिस द्वारा किया गया। सायबर अपराध, सायबर धोखाधड़ी से बचने के लिए थाना प्रभारी जांजगीर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान लोगों को सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग के तरीको के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किसी भी व्यक्ति के साथ अपना पिन अथवा ओटीपी शेयर ना करें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें।किसी भी अनजान व्यक्ति का फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट ना करें। पी.एम. किसान योजना एपलीकेशन संबंधी वाट्सएप मैसेज आने पर डाउनलोड ना करें। टेलीग्राम में टास्क के नाम पर एवं अधिक लाभ देने वाले शेयर ट्रेडिंग से सावधन रहे। ऑनलाईन शांपिग हेतु अधिकृत शापिंग साईड का उपयोग करने की सलाह दी गई। वर्तमान समय में बढ़ते सायबर अपराधो को संज्ञान में लेते हुए उचित बचाव के लिए विवेक शुक्ला (IPS) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में सायबर जन जागरूकता/ यातायात नियमों का पालन करने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन थाना जांजगीर क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुलीपोटा में आयोजित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर एवं आरक्षक दिलीप सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# फर्जी तरीके से एयरटेल कम्पनी के मोबाइल सिम जारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा, 08 अप्रैल (संवाद साधना)।** फर्जी तरीके से एयरटेल कम्पनी के मोबाइल सिम नं जारी करने वाले फरार आरोपी को थाना जांजगीर पुलिस को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पूर्व में फर्जी तरीके से मोबाइल नंबर जारी कर धोखाधड़ी करने वाले पॉइंट ऑफ सेल 2 संचालकों एवं 3 एजेंटो के विरूद कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त पत्र में जिले में फर्जी तरीके से मोबाईल नम्बर जारी करने वाले मोबाइल दुकान के संचालकों के कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्देश मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में थाना जांजगीर पुलिस द्वारा मोबाइल दुकान में पूर्व में रेड कार्यवाही आरोपियों के कब्जे से कुल 102 सिम ग्राहकों के जानकारी के बगैर तैयार करना पाए जाने से विधिवत कार्यवाही करते हुए माह मार्च 2025 में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। प्रकरण के आरोपी गणेश राम पटेल उम्र 30 साल निवासी बस्ती पारा मुड़पार चौकी नैला थाना जांजगीर जो घटना घटित कर फरार था जिसकी लगातार पातासाजी की जा रही थी। जिसे मुखबिर सूचना हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर फर्जी सिम जारी करना स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामलें की संपूर्ण कार्यवाही निरीक्षक प्रवीण दिवेद्वी, प्र.आरक्षक राजकुमार चन्द्रा, आरक्षक दिलीप सिंह, आरक्षक वीरेन्द्र भैना का सराहनीय योगदान रहा।

# दामाद ने की थी ससुर की हत्या, पत्नी व सास ने ठिकाने लगाने में किया सहयोग

**भिलाई, 08 अप्रैल (एजेंसी)।** थाना पुरानी भिलाई क्षेत्र के ग्राम पथर्रा में मिली एक व्यक्ति की लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी तथा बेटी तथा दामाद को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से घटना में प्रयुक्त वाहन आयशर एवं लोहे का रॉड बरामद किया है। बता दें कि दिनांक 06 अप्रैल को ग्राम पथर्रा पवन यादव के खेत के पास एक 25-30 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली थी जिसके हत्या कर उसके शव को जलाने का प्रयास किया गया था। सूचना पर थाना पुरानी भिलाई में धारा 103(1), 238(ं) बी एन एस पर्जीबद्ध कर विवेचना में लिया था। उक्त घटना को अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला (भा.पु.से.) द्वारा अज्ञात मृतक के शिनाख्तगी एवं घटना के आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तारी करने के निर्देश प्राप्त हुये थे।

जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर (रा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक छावनी, हरीश पाटिल (रा.पु.से.), उप पुलिस अधीक्षक हेमप्रकाश नायक एवं उप पुलिस अधीक्षक (अपराध) दुर्ग अजय कुमार सिंह (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पुरानी भिलाई निरीक्षक महेश ध्रुव एवं एसीसीयु से सउनि गुप्तेश्वर यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरापियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु लगाया गया था। गठित विशेष टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया अज्ञात मृतक के बांह में टैटू बना हुआ था जिसके आधार पर टीम द्वारा अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी हेतु प्रयास किया गया जो अज्ञात मृतक कि शिनाख्तगी रॉकी लांजेवार निवासी प्रोजेक्ट आटोमोबाईल के पास पावर हाउस के रूप में हुई एंव मृतक के शव से कुछ दुरी पर किसी बड़े वाहन का निशान देखा गया था उक्त संदेही वाहन की पतासाजी हेतु टीम द्वारा त्रिनयन एप्प की मदद लेते हुये घटना स्थल आने-जाने वाले मार्ग के सभी सीसीटीवी फूटेज का अवलोकन किया गया सीसीटीवी फूटेज अवलोकन पर एक संदेही वाहन आयशर क्रमांक डभ.40.ठस.9629 को चिन्हाकित कर उक्त संदेही वाहन के संबंध पता-तलाश किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की मृतक के दामाद दुल्यांश गजभिये को घटना के रात्रि में उक्त संदेही वाहन को चलाते देखा गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही दुल्यांश गजभिये को पकड़ कर पूछताछ करने पर बताया कि मृतक रॉकी लांजेवार उसका ससुर है नशे में अक्सर संदेही एवं उसकी पत्नि सृष्टि गजभिये को आये दिन पुराने केश में समझौता करने हेतु धमकाते रहता था। घटना के दिन भी मृतक रॉकी लांजेवार नशे की हालत में आरोपी दुल्यांश गजभिये एवं उसकी पत्नि सृष्टि गजभिये को गाली देते हुए धमकी दे रहा था उसी बात पर नाराज होकर आरोपी दुल्यांश ने लोहे के रॉड से मृतक के सिर में 3-4 वार किया जिससे मृतक की मृत्यु हो गई जिसके पश्चात आरोपी दुल्यांश ने उक्त वाहन से केम्प 1 जलेबी चौक जाकर अपनी सास मोहनी लांजेवार को लेकर आया मृतक के शव को कपड़े, साड़ी, चटाई लपेट कर घर से मिट्टी तेल लेकर अपनी सास मोहनी लांजेवार एवं पत्नि सृष्टी गजभिये के सहयोग से वाहन आयशर क्रमांक एमएच-40बीएल-9629 में भरकर ग्राम पर्थरा के खेत में ले जाकर साक्ष्य मिटाने के नीयत से जला दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लिया है तथा आरोपियों के विरूद्ध थाना पुरानी भिलाई से अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। मामले में पुलिस ने दुल्यांश गजभिये पिता भक्त गजभिये, उम्र 21 साल, साकिन सतनाम भवन के पास, गायकवाड का मकान, ग्राम उम्दा, थाना पुरानी भिलाई, जिला दुर्ग, सृष्टी गजभिये पति दुल्यांश गजभिये, उम्र 20 साल, साकिन सतनाम भवन के पास, गायकवाड का मकान, ग्राम उम्दा, थाना पुरानी भिलाई, जिला दुर्ग तथा मोहनी लांजेवार पति रॉकी लांजेवार, उम्र 35 साल, साकिन पोस्ट आफिस के सामने, जलेबी चौक, केम्प-1, थाना छावनी, जिला दुर्ग को गिरफ्तार किया है।

# 67 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा, 08 अप्रैल (संवाद साधना)।** हसौद पुलिस ने दो अलग-अलग गांव में छापेमारी कर दो महुआ शराब विक्रेता को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 67 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हसौद पुलिस द्वारा नवपदस्थ थाना प्रभारी अनवरअली के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 6 अप्रैल को अवैध शराब के भंडारण और बिक्री की सूचना मिलने पर हसौद थाना प्रभारी अनवर अली के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम नगारीडीह और देवरघटा में दबिश दी।

ग्राम नगारीडीह में रहने 38 वर्षीय वाले मनहरण महिलांगे के कब्जे से 27 लीटर और ग्राम देवरघटा निवासी 55 वर्षीय बलराम आजाद के पास से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। दोनों स्थानों से कुल 67 लीटर अवैध शराब बरामद कर आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। हसौद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा और जुआ जैसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से भी नशे के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करने और ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। कार्रवाई में बाधा डालने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज-देवरघटा में कुछ लोगों द्वारा पुलिस कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास भी किया गया। आरोपियों में से एक बलराम आजाद के पुत्र रूमेश आजाद और मुकेश आजाद ने पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति पर संदेह व्यक्त करते हुए गाली-गलौज करते हुए हंगामा किया। इस मामले में दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 बी एन एस एस के अंतर्गत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# सड़क हादसे में आरक्षक की मौत

**बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे ने एक और आरक्षक की जिंदगी छीन ली. बिलासपुर में मंदिर दर्शन करने निकले पुलिस आरक्षक रामनारायण सिंह को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। और उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन के साथ फरार हो गया। रविवार की सुबह सेंदरी बाईपास रोड पर यह दुर्घटना हुई है। घटना बिलासपुर-रतनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सेंदरी के पास हुई। मामले में कोनी पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है. कोनी पुलिस के मुताबिक रामनारायण सिंह पुलिस लाइन में वाहन चालक के पद में कार्यरत थे। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी में बेलगहना क्षेत्र में स्थित देवी मंदिर में दर्शन के लिए जा रहा था।आरक्षक अपनी बाइक से बिलासपुर रतनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सुबह साढ़े दस के आसपास सेंदरी के पास पहुंचा था, तभी किसी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए उसे ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि आरक्षक रामनारायण सिंह बाइक से दूर जाकर सड़क किनारे लगे डिवाइडर तक पहुंच गया. जहां डिवाइडर का नुकीला कोर शरीर में घुस गया और पेट फट गया, आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि बीते दिनों दुर्ग के नंदनी थाना क्षेत्र में बेमेतरा ट्रैफिक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल दुष्यंत ठाकुर की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। ज्यपाल रामेन डेका के आगमन पर वीआईपी ड्यूटी के लिए बेमेतरा से बालोद जाने के दौरान वह दुर्घटना का शिकार हो गए थे।



# चीन जैसे कुछ देश अपनी मुद्राओं का कर सकते हैं अवमूल्यन : नीलकंठ मिश्रा

**नई दिल्ली, 08 अप्रैल( एजेंसी )।** अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का वैश्विक बाजारों पर असर देखने को मिला। टैरिफ के इन प्रभावों के बाद एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा ने सोमवार को कहा कि चीन जैसे कुछ देशों के पास मौजूदा परिदृश्य में अपनी मुद्राओं का अवमूल्यन करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लागू किए गए टैरिफ से वैश्विक बाजार हिल गए हैं, क्योंकि दूसरे देश इन सख्त व्यापार उपायों का जवाब देने की योजना बना रहे हैं। मुख्य अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा ने कहा कि चीन के व्यापार अधिशेष में कमी और टैरिफ के अर्थव्यवस्था पर प्रभाव को देखते हुए देश युआन का अवमूल्यन करने के लिए मजबूर हो सकता है। करेंसी वॉर का जोखिम अधिक है और एक बार अवमूल्यन शुरू होने के बाद, स्थिति ऐसे वातावरण में बदल सकती है, जहां आगे के लिए कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकेगा। मिश्रा ने बताया कि इससे वैश्विक वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता पैदा होगी, क्योंकि देशों के बीच व्यापार संतुलन बदलेगा और निर्यात सब्सिडी और मुद्रा अवमूल्यन जैसे औद्योगिक नीतिगत उपाय लागू होंगे। मिश्रा के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के उद्देश्य आर्थिक नहीं बल्कि राजनीतिक हैं, जो बहुपक्षीय समझौतों से हटकर द्विपक्षीय समझौतों की ओर बढ़ते हुए वैश्विक व्यापार गतिशीलता को नया



आकार देना चाहते हैं। हालांकि कुछ टैरिफ पर बातचीत कर उन्हें कम किया जा सकता है, लेकिन अन्य टैरिफ बने रह सकते हैं, जो राजस्व सृजन के लिए एक उपकरण के रूप में काम करेंगे और वैश्विक व्यापार में अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को बनाए रखेंगे। मिश्रा के अनुसार, भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता वैश्विक आर्थिक मंदी की संभावना है, जो निवेशकों के विश्वास को कम कर सकती है। खासकर वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के कम इक्विटी जोखिम प्रीमियम के साथ वित्तीय बाजारों पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि राजकोषीय और विनियामक सहजता के साथ-साथ आरबीआई द्वारा निर्णायक मौद्रिक नीति के कारण भारत कई दूसरी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर स्थिति में है। दलाल स्ट्रीट पर सोमवार को वैश्विक बिकवाली के बाद शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई, क्योंकि अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ के बीच व्यापार युद्ध (ट्रेड वॉर) की आशंका बढ़ गई है। ट्रंप ने अपनी विवादास्पद टैरिफ नीतियों का बचाव किया है और आर्थिक प्रभाव पर चिंताओं को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के लीडर्स रेसिप्रोकल टैरिफ पर बातचीत करने के लिए 'सौदा करने के लिए बेताब बने हुए हैं'। ट्रंप ने बाजार की अस्थिरता का जिक्र करते हुए कहा, कभी-कभी आपको कुछ ठीक करने के लिए दवा लेनी पड़ती है।

## स्विगी को मिले 165 करोड़ रुपये की वैल्यू के टैक्स डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली, 08 अप्रैल( एजेंसी )।** ऑनलाइन फूड और ग्रोसरी डिलीवरी कंपनी स्विगी एक बार फिर से टैक्स डिमांड नोटिस का सामना कर रही है। कंपनी को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए दो टैक्स असिसमेंट ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि इन दोनों नोटिस में 165 करोड़ रुपये के टैक्स की मांग की गई है। स्विगी ने बताया कि एक नोटिस पुणे के प्रोफेशन टैक्स ऑफिसर की ओर से प्राप्त हुआ है। इसमें 7.59 करोड़ रुपये की टैक्स की मांग की गई है आदेश में कंपनी पर आरोप लगाया गया है कि कंपनी कर्मचारियों के वेतन से प्रोफेशन टैक्स की उचित कटौती करने में विफल रही, जो कि महाराष्ट्र राज्य व्यवसाय, व्यापार, कॉलिंग एवं रोजगार कर अधिनियम, 1975 के तहत आवश्यक है।हालांकि, स्विगी ने कहा कि उसके पास आदेश को चुनौती देने के लिए मजबूत आधार हैं और वह समीक्षा या अपील दायर करने की योजना बना रही है। स्विगी ने अपनी फाइलिंग में कहा, कंपनी का मानना है कि उसके पास आदेश के खिलाफ मजबूत तर्क हैं और वह समीक्षा/अपील के माध्यम से अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मुद्दे का उसके वित्त या परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। स्विगी को यह नोटिस ऐसे समय पर मिला है, जब कुछ दिनों पहले ही कंपनी को बेंगलुरु के इनकम टैक्स ऑफिस से 158 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड नोटिस मिला था।

### देश की दिग्गज फार्मा कंपनी की मुश्किलें बढ़ी

## आईटी डिपार्टमेंट ने भेजा 2,395 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली, 08 अप्रैल( एजेंसी )।** देश की दिग्गज फार्मा कंपनी डॉ रेड्डी लेबोरेटरीज को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से 2,395 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड नोटिस मिला है। यह नोटिस डॉ रेड्डी होल्डिंग लिमिटेड (डीआरएचएल) के साथ विलय को लेकर है। डॉ रेड्डी लेबोरेटरीज ने शनिवार को रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि कंपनी को 4 अप्रैल, 2025 को हैदराबाद के असिस्टेंट इनकम टैक्स कमिश्नर के ऑफिस से टैक्स नोटिस प्राप्त हुआ है। नोटिस में सवाल किया गया है कि विलय के दौरान टैक्स से बचने वाली आय का आकलन क्यों न किया जाए।

डीआरएचएल के डॉ रेड्डीज लेबोरेटरीज में विलय को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), हैदराबाद द्वारा 5 अप्रैल, 2022 को मंजूरी दी गई थी। हालांकि, स्वीकृत योजना के अनुसार विलय 1 अप्रैल 2019 से प्रभावी हुआ। फाइलिंग के अनुसार, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 2,395.81 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस दिया है। नोटिस का जवाब देते हुए डॉ रेड्डीज ने कहा कि विलय में सभी कानूनी और टैक्स-संबंधी प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। कंपनी ने कहा कि उनका विश्वास है कि विलय में ऐसी कोई भी आय नहीं बचाई गई है, जिस पर टैक्स नहीं दिया गया है। कंपनी ने आगे कहा, इस विलय में इनकम टैक्स एक्ट सहित सभी कानूनी आवश्यकताओं का पूर्ण अनुपालन किया गया है। डॉ रेड्डीज लेबोरेटरीज ने कहा कि वह फिलहाल नोटिस को रिव्यू कर रहे हैं और अथॉरिटी को जरूरी जानकारी के साथ जवाब देंगे।

कंपनी ने कहा, विलय समझौते के अनुसार, कंपनी के प्रमोटर विलय से उत्पन्न होने वाली किसी भी देनदारी को वहन करने के लिए जिम्मेदार हैं। विलय के कारण टैक्स-संबंधी कोई भी समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में उन्हें कंपनी और उसके अधिकारियों को संरक्षण और सहायता प्रदान करना आवश्यक है। इसके अलावा कंपनी ने आश्वासन दिया कि वह मामले को गंभीरता से ले रही है और कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार इसे संभालेगी। डॉ रेड्डीज लेबोरेटरीज का शेयर शुक्रवार को 3.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,114 रुपये पर बंद हुआ था।

## आरबीआई एमपीसी बैठक आज से शुरू, रेपो रेट में हो सकती है 25 आधार अंकों की कटौती

**मुंबई , 08 अप्रैल( एजेंसी )।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक सोमवार से शुरू हो गई है और बुधवार (9 अप्रैल) को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की ओर से इस बैठक के फैसलों का ऐलान किया जाएगा।

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि आरबीआई एमपीसी रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकती है। फरवरी से शुरू हुई इस रेट कट साइकिल में कम से कम 100 आधार अंकों की ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना है।

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया, फरवरी 2026 से मार्च 2026 के बीच रेपो रेट में 100 आधार अंक की कटौती हो सकती है। ऐसा ही कटौती ईबीएलआर और 60 आधार अंक की कटौती एमसीएलआर में संभव है।

आरबीआई एमपीसी के फैसलों का ऐलान 9 अप्रैल किया जाना है। इसमें रेपो रेट पर निर्णय के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति से जुड़ी अहम जानकारियां भी दी जाएंगी।



रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में खुदरा महंगाई दर गिरकर 3.8 प्रतिशत रह सकती है, जो कि वित्त वर्ष 25 में औसत महंगाई दर 4.6 प्रतिशत रह सकती है।

वित्त वर्ष 26 में औसत खुदरा महंगाई दर 3.9 से 4.0 प्रतिशत रहने की संभावना है। वहीं, मुख्य महंगाई दर 4.2 से 4.3 प्रतिशत रह सकती है। रिपोर्ट में कहा, सितंबर/अक्टूबर तक हेडलाइन महंगाई दर नीचे की ओर रहेगी, लेकिन उसके बाद बढ़ सकती है। अमेरिका ने कई अर्थव्यवस्थाओं पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है जो भारत से भी अधिक है। इससे इन देशों द्वारा भारत में डंपिंग करने का डर बढ़ेगा, जिससे महंगाई कम होगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 26 में तरलता अधिशेष रहने की संभावना है, जिसे कई कारकों का समर्थन प्राप्त होगा, जिसमें ओएमओ खरीद, आरबीआई का डिविडेंड ट्रांसफर, वित्त वर्ष 26 में करीब 25-30 अरब डॉलर का बीओपी (बैलेंस ऑफ पेमेंट) सरप्लस शामिल हैं।




# बेंगलुरु ने 10 साल बाद मुंबई को वानखेड़े में हराया

## क्रूणाल पांड्या ने आखिरी ओवर में झटके तीन विकेट

**मुंबई ( एजेंसी )।** आखिरी ओवर में क्रुणाल पांड्या की घातक गेंदबाजी के दमपर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 20वें मुक़ाबले में 12 रन से हरा दिया। बेंगलुरु ने 10 साल बाद वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई को हराते हुए इस सीजन की तीसरी जीत दर्ज़ की। इससे पहले उन्होंने 2015 में मुंबई को हराया था। हार्दिक पंड्या (42 रन 15 गेंद) और तिलक वर्मा (56) के क्रीज पर रहते मुकाबला मुबंई के पाले में जाता दिख रहा था मगर 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार की ऑफ स्टंप के बाहर जाती धीमी गति की गेंद को कट करने के प्रयास में तिलक डीप कवर में कैच दे बैठे जबकि अगले ही ओवर में पंड्या को जोश हेजलवुड ने अपना शिकार बना लिया। दोनो के आउट होने के बाद मुकाबला एक बार फिर बेंगलुरु के पाले में चला गया। आरसीबी के दिये गये 222 रन के जवाब में मुबंई इंडियंस निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन ही बना सकी। लक्ष्य पीछा करने उतरी मुबंई की शुरुआत औसत रही। 12वें ओवर में सूर्य कुमार यादव (28) के आउट होने के बाद पंड्या ने क्रीज पर आते ही चौके छक्कों की बरसात कर दी। उन्होने हेजलवुड के ओवर में दो चौके और दो छक्के जड़ कर मैच को रोमांच से भर दिया जबकि अगले ओवर में उन्होने अपने भाई कृणाल पंड्या पर भी रहम नहीं किया और उनकी भी जमकर धुनायी की।



दूसरे छोर पर तिलक वर्मा भी बेंगलुरु के गेंदबाजो पर कहर बरपाते रहे और दोनो ने 89 रन की पार्टनरशिप कर डाली। इससे पहले विराट कोहली (67)-देवदत्त पड्डिक्कल (37) के बीच 91 रन और कप्तान रजत पाटीदार (62) -जितेश शर्मा (40 नाबाद) के बीच 69 रन की विस्फोटक साझीदारियों की बदौलत आरसीबी ने मुबंई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पांच विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा कर लिया। कोहली आज मैच के शुरु से ही आक्रामक अंदाज में थे। फिल साल्ट (4) का विकेट पहले ही ओवर में गिरने के बावजूद उन्होने पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाते हुये मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। कोहली के रुख को भांपते हुये कप्तान हार्दिक पंड्या ने ट्रेंट बोल्ट को हटा कर स्पिनर विल जैक्स को गेंद थमायी मगर कोहली पर उसका कोई असर नहीं हुआ। दोनो बल्लेबाजों ने नौवें ओवर तक स्कोर को 95 रन पर पहुंचा दिया। इस बीच पड्डिक्कल विग्नेश पुथुर की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। नये बल्लेबाज पाटीदार ने कोहली के साथ मिल कर मुबंई के गेंदबाजों की धुनायी जारी रखी। इस बीच अपना कोहली ने अपना अर्धशतक पूरा किया। पारी के 15वें ओवर में कोहली हार्दिक पंड्या की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को खेलने के प्रयास में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े नमन धीर को आसान कैच थमा बैठे। अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान कोहली ने 42 गेंद खेलकर आठ चौके और दो छक्के लगाये। कोहली ने इस मैच में टी20 क्रिकेट करियर में अपने 13 हजार रन भी पूरे कर लिये। बेंगलुरु के लिये दूसरी विस्फोटक साझीदारी पाटीदार और विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के बीच बनी। दोनो बल्लेबाजों ने दर्शनीय शाट खेलकर मैदान पर शमा बांध दिया। दोनो बल्लेबाजों ने मात्र 27 गेंदों में 69 रन की साझीदारी कर ली। इस बीच बोल्ट की गेंद पर शाट मारने की कोशश में पाटीदार विकेट के पीछे धरे गये।

## आईपीएल इतिहास के टॉप-5 गेंदबाजों में 4 भारतीय, अश्विन आज तोड़ सकते हैं ब्रावो का बड़ा रिकॉर्ड

**मुंबई ( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग का खुमार इन दिनों क्रिकेट फैंस पर चढ़ा हुआ है। अपनी-अपनी पसंदीदा टीम को सपोर्ट करने के लिए फैंस बढ़चढ़ कर स्टेडियम में पहुंच रहे हैं और करोड़ों लोग टीवी और ऐप पर मैच का लुत्फ उठा रहे हैं। आईपीएल 2025 में 7 अप्रैल तक कुल 20 मैच खेले गए हैं और अधिकतर मुकाबले रोमांचक रहे हैं। इन मैचों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर कई रिकॉर्ड भी बने हैं। वहीं, आईपीएल के इतिहास के उन पांच गेंदबाजों की बात करें, जिनके नाम सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है, तो इस लिस्ट में चार भारतीय गेंदबाज हैं। अश्विन इस मामले में अभी पांचवें पायदान पर हैं। आज एक विकेट लेते ही वह ब्रावो का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। आईपीएल में वर्तमान समय में पंजाब किंग्स के लिए लेग स्पिनर के तौर पर खेल रहे युजवेंद्र चहल पहले ऐसे गेंदबाज हैं, जिन्होंने आईपीएल के इतिहास में 200 विकेट पूरे किए हैं। चहल ने 163 मैच में कुल 206 विकेट चटकाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 40 रन देकर 5 विकेट है। दूसरे नंबर पर पूर्व भारतीय गेंदबाज पीयूष चावला हैं, जो आईपीएल में कई टीमों के लिए खेले। लेग स्पिनर चावला ने 192 मैचों में 192 विकेट लिए हैं। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 रन देकर 4 विकेट है। तीसरे नंबर पर आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं। भुवी ने 179 मैचों में 184 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 19 रन देकर 5 विकेट है। दाएं हाथ के स्विंग बॉलर भुवनेश्वर कुमार आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज हैं। चौथे नंबर पर वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो हैं। ब्रावो ने आईपीएल में कुल 161 मैच खेले और 183 विकेट लिए हैं। ब्रावो का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 22 रन देकर 4 विकेट था। पांचवें नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए इस सीजन में खेल रहे रविचंद्रन अश्विन हैं। ऑफ स्पिनर अश्विन ने आईपीएल में कुल 216 मैच खेले और 183 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 34 रन देकर 4 विकेट है। आज 8 अप्रैल को अश्विन सीएसके के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने उतरेंगे और एक विकेट लेते ही वह ड्वेन ब्रावो का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।



## हम फिर से चूक गए, मुंबई के कप्तान हार्दिक ने बताया घर में बेंगलुरु के खिलाफ हार कारण

**मुंबई ( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 20वां मैच सोमवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने कोहली और पाटीदार के अर्धशतक की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 221 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम 9 विकेट खोकर 209 रन ही बना सकी और उसे 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। ये आईपीएल इस सीजन की मुंबई की पांच में से चौथी हार है। आरसीबी के खिलाफ मिली करीबी हार के बाद एमआई के कप्तान हार्दिक पंड्या बेहद निराश नजर आए। हार्दिक पंड्या ने मैच के बाद कहा कि विकेट वास्तव में अच्छा था। मैं बस अपने आप से यही बात कर रहा था कि हम फिर से दो हिट से चूक गए। क्या 221 बराबर या उससे ऊपर का स्कोर था इस पर पंड्या ने कहा कि विकेट जिस तरह का था, गेंदबाजों के पास छिपने के लिए ज्यादा जगह नहीं थी। इस ट्रैक पर हमारे पास ज्यादा बल्लेबाजी विकल्प नहीं थे।

### तिलक वर्मा की तारीफ की

उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा के वापस आने के बाद हम जानते थे कि नमन को नीचे आना होगा। तिलक वर्मा शानदार रहे। तिलक के पिछले मैच में रिटायर्ड आउट पर उन्होंने कहा कि पिछले गेम में बहुत सी चीजें हुईं। लोगों ने इसके बारे में बहुत सी बातें कीं, लेकिन लोगों को नहीं पता कि पिछले दिन उन्होंने बहुत खराब हिट लगाई थी। उनकी उंगली के कारण, कोच को लगा कि कोई नया खिलाड़ी आकर ये कर सकता है। हालांकि आज उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। पंड्या ने आगे कहा कि इस तरह के मैचों में पावरप्ले बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। कुछ ओवरों में हम रन नहीं बना पाए। डेथ ओवरों में हम कुछ गेंदों को नहीं खेल पाए। वहीं, जसप्रीत बुमराह की वापसी पर उन्होंने कहा कि बुमराह के होने से दुनिया की कोई भी टीम बहुत खास हो जाती है। वह आए और अपना काम किया, उनके होने से मैं बहुत खुश हूं।

## न्यूज ब्रेक

### संसद में गूंजी इंद्रावती नदी की पुकार

**जगदलपुर, 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** गर्मी की दस्तक के साथ ही इंद्रावती नदी की धारा सूखने लगी है। यह बात की गूंज दिल्ली तक हुई है, जहां संसद में क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने मुद्दा उठाते हुए केंद्रीय जल मंत्री से समाधान की मांग की है बस्तर सांसद महेश कश्यप ने संसद में बताया कि ओडिशा के जोरा नाले के डायवर्सन से जगदलपुर और आसपास जल संकट गहरा गया है, फसलें सूख रही हैं, किसानों को पानी नहीं मिल रहा। इधर प्रशासन सिर्फ आश्वासन दे रहा है. सांसद ने केंद्रीय जल मंत्री से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच समाधान की मांग की। केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर ही ओडिशा सरकार ने जोरा नाले का स्ट्रक्चर ऊंचा किया और नदी में जमी रेत हटाने का काम शुरू हुआ था, जिसके बाद उपजी समस्या से निपटने के लिए किसानों ने संघर्ष किया और अब सांसद महेश कश्यप के संसद में मामला उठाने से उन्हें राहत की उम्मीद जगी है।

### जिला चिकित्सालय में शुरू किया गया ब्रेन हेल्थ क्लिनिक सेवा

**दंतेवाड़ा, 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में ''ब्रेन हेल्थ क्लिनिक'' प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में शुरू किया गया ब्रेन हेल्थ क्लिनिक'' मानसिक और तंत्रिका स्वास्थ्य की देखभाल, उनके विकारों और मस्तिष्क से सम्बंधित समग्र देखभाल के क्षेत्र में अत्याधुनिक सेवाएं प्रदान करेगा। इस क्लिनिक में तनाव, अवसाद, चिंता, भूलने की बीमारी, मिर्गी, पार्किंसन, सिरदर्द, अनिद्रा, स्ट्रोक के बाद की पुनर्वास सेवाएं और अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्या का उपचार किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. देश दीपक ने बताया कि ''ब्रेन हेल्थ क्लिनिक'' का उद्देश्य मस्तिष्क स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए लोगों को बेहतर जीवन जीने के लिए सहयोग देना है। आधुनिक तकनीकों और अनुभवी विशेषज्ञों टीम के साथ उपस्थित चिकित्सक मानसिक स्वास्थ्य से ग्रस्त मरीजों का समग्र वैज्ञानिक संवेदनशील देखभाल करेंगे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भटगांव कन्या शाला में विधिक साक्षरता शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़/ ( एजेंसी )।** को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कन्या शाला भटगांव में तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के अध्यक्ष एवं व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश माननीय गुरुपंच सर के मार्गदर्शन में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश गुरुपंच सर द्वारा बच्चों को विश्व स्वास्थ्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य तथा उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की गईं। शिविर में बच्चों को कानूनी जानकारी प्रदान की गई तथा वर्तमान समय में लगातार बढ़ते साइबर क्राइम के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही शिक्षा के महत्व पर भी विशेष प्रकाश डाला गया। शिविर में पीएलवी दीपक कुमार (थाना भटगांव), पीएलवी गजेंद्र बंजारे (थाना सरसिवा), पीएलवी नरेश कुमार (थाना भटगांव), सिपाही हेम चोर्गे, शिक्षक कृष्णा कुर्रे एवं तिलेश्वर भारद्वाज सहित विद्यालय के कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने बच्चों में कानूनी जागरूकता के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व को समझने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम साबित किया।

# चार ईनामी सहित 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा, 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अलग-अलग इलाकों में सक्रिय 26 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला लिया है। इन नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय के सामने आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वालों में कई नक्सली कई वर्षों से संगठन से जुड़े थे और विभिन्न हिंसक घटनाओं में शामिल रहे हैं।

आत्मसमर्पण करने वालों में तीन नक्सलियों पर कुल 4 लाख 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इनका नाम सुरक्षा एजेंसियों की वांछित सूची में शामिल था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत आवश्यक सहायता और सुविधा प्रदान की जाएगी।

पुलिस अधिक्षक गौरव रॉय ने बताया कि यह कार्रवाई सुरक्षा बलों और प्रशासन की संयुक्त रणनीति का परिणाम है।



आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने भी स्वीकार किया कि वे हिंसा और भटकाव से तंग आकर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं। पुलिस और प्रशासन ने सभी का स्वागत करते हुए उन्हें बेहतर भविष्य का आश्वासन दिया है।

## मानव तस्करी पर निर्मित लघु फिल्म श्कजरी - द बैटल फ़ॉर फ्रीडमश् की मुख्यमंत्री ने की प्रशंसा

**जशपुरनगर 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष उनके बगिया स्थित निज निवास में जशपुर पुलिस के द्वारा सामाजिक सरोकार पर बनी लघु फ़िल्म श्कजरी - द बैटल फ़ॉर फ्रीडमश् का प्रथम प्रदर्शन किया गया। फिल्म का आरम्भ मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय भी मौजूद रही। फ़िल्म का लेखन एवं निर्देशन करने के साथ ही जशपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने इस फिल्म में अभिनय भी किया है। फिल्म मानव तस्करी के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए बनाई गई है। इस लघु फ़िल्म में पीड़ित बच्चियों के साथ साथ ग्रामीणों को भी मानव तस्करी से बचने के उपायों एवं इससे सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया है। फ़िल्म पुलिस विभाग द्वारा सोशल मीडिया के साथ यूट्यूब पर भी रिलीज की जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने लघु फ़िल्म को देखकर जशपुर पुलिस द्वारा की गई इस अभिनव पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह फिल्म लोगों को जागरूक करने की साथ ही उन्हें सचेत करेगी कि किस तरह मानव तस्कर लोगों को अपना शिकार बनाती है । परिवार के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को बताएं कि सोशल मीडिया में अनजान लोगों से संपर्क रखने में सावधानी रखें, उनकी जागरूकता बढ़ाएं। तभी हम मानव तस्करी के कलंक को रोक सकते हैं। पुलिस अधीक्षक शशिमोहन ने फिल्म के बारे में बताते हुए कहा कि फिल्म में मानव तस्करों के द्वारा किस प्रकार सोशल मीडिया के माध्यम से भोली-भाली बच्चियों को फंसाकर उनके जीवन से खिलवाड़ किया जाता है इसे प्रदर्शित किया गया है। पुलिस द्वारा बच्चियों का रेस्क्यू किस प्रकार किया जाता इसे भी दिखाया गया है।

## पोर्टल के माध्यम से भी किए जा सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**दंतेवाड़ा, 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** सुषासन तिहार 2025'' को अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए राष्ट्रीय सूचना केन्द्र ( एनआईसी) द्वारा पोर्टल तैयार किया गया है। जिसमें ''सुषासन तिहार 2025'' से संबंधित समस्त जानकारी उपलब्ध रहेगी। एनआईसी द्वारा इसका यूजर मैनुअल भी बनाया जा रहा है जो पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। सुशासन तिहार में आवेदक द्वारा दिये जाने वाले प्रत्येक आवेदन का चौदह अंकों का एक क्रमांक होगा, जिसके पहले दो डिजिट 25 वर्ष को इंगित करते हैं, तीसरा डिजिट आवेदन के मोड का रहेगा, जो स्वत: जनरेट हो जाएगा, जैसे- आवेदन ऑनलाईन, ऑफ्लाईन, नगरीय, ग्रामीण इत्यादि हेतु होगा, उसके बाद छ अंको का लोकेलिटी कोड होगा, जिसकी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है. अंतिम पांच अंक आवेदन के क्रमांक होंगे। आवेदकों द्वारा मंगाए जाने वाले खाली आवेदन पत्र के प्रारूप को सभी ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए आवेदन पत्र का प्रारूप जिलेवार, विकासखण्डवार, ग्राम पंचायतवार, ग्राम वार, नगरीय निकायवार कोड सहित डाउनलोड किया जा सकता है, जिसे प्रिंट कराकर उपलब्ध करा दिया जावेगा। ग्राम वार, नगरीय निकायवार वार्ड सहित लोकेलिटी कोडवार जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसे आवश्यकतानुसार उपयोग में लाया जा सकता है। जो आवेदन पत्र समाधान पेटी में आएंगे, उनकी पोर्टल में प्रविष्टि करते समय आवेदन क्रमांक स्वत: जनरेट हो जाएंगे। इस पोर्टल पर जिलों से संबंधित विभिन्न जानकारी जैसे समाधान शिविरों की तिथि इत्यादि अपलोड करने की सुविधा भी रहेगी।

# मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक माह के 7 को होगा रोजगार दिवस का आयोजन

**कोण्डागांव 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह के 07 तारीख को रोजगार दिवस आयोजन के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के द्वारा जिले अंतर्गत समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित करते जिले के समस्त 384 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस आयोजन किये जाने और इस दिन विभिन्न गतिविधियों का संचालन किये जाने हेतु कहा गया है। रोजगार दिवस के अवसर पर एक्ट में वर्णित प्रावधानों व अधिकारों के प्रति समझ विकसित एवं जागरूक करने, योजना में हुये नवीन संशोधनों, प्रावधानों के विषय में प्रचार-प्रसार करने, नये परिवारों के पंजीयन के लिये आवेदन प्राप्त करने, परिवार रोजगार कार्ड में नये सदस्यों के नाम जोड़ने के लिये आवेदन प्राप्त करने, रोजगार हेतु मांग प्राप्त करने, मजदूरी भुगतान, लंबित मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी देने एवं समाधान करने को निर्देशित किया गया है। साथ ही प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। जिन परिवारों द्वारा 15-दिवस, 50-दिवस, 75 दिवस रोजगार प्राप्त किया है, उनकी पहचान कर उन्हें मांग अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, वार्षिक योजना अनुसार कौन सा निर्माण कार्य निर्माणाधीन है एवं कौन सा कार्य प्रारंभ किया जाना है, इसकी जानकारी दी जाएगी। रोजगार दिवस आयोजन को सूचना-शिक्षा-संचार गतिविधि व क्रियाकलाप के रूप में संचालित करने, जिलों में लोकपाल व्यवस्था एवं राज्य स्तर पर लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण के संबंध में प्रचार-प्रसार करने, सामाजिक अंकेक्षण के संबंध में जानकारी एवं जागरूक करने तथा राज्य, जिला, जनपद स्तर पर समय-समय जारी निर्देशों और प्राथमिकता के विषयों पर जानकारी देने और गतिविधियों के आयोजन करने को कहा गया है।



## मुख्यमंत्री साय ने कुल 63 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया

**लोकापर्ण कार्यों में 364.59 लाख के 5 और शिलान्यास कार्यों में 59.75 करोड़ के 22 कार्य शामिल**

**जशपुरनगर, 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्व दिलीप सिंह जूदेव चौक के पास जशपुर जिले वासियों को करोड़ों की सौगात दी। उन्होंने जशपुर नगरीय क्षेत्र सहित अन्य विभागों में 63.4359 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री साय ने 364.59 लाख के 5 कार्यों का लोकार्पण किए। इसमें जशपुर नगर पालिका परिषद के 03 कार्य, जिसकी लगत 48.46 लाख और आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के 02 कार्य, जिसकी लगत 315.73 लाख के कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार 59.75 करोड़ के 22 कार्यों का भूमि पूजन किए। इसमें जशपुर नगर पालिका परिषद के 20.87 करोड़ के 09 कार्य, पुलिस विभाग के 1.56 करोड़ के 03 कार्य, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के 5.59 करोड़ के 03 कार्य और पंचायत एवं ग्रामीण सड़क विकास विभाग के 31.75 करोड़ के 07 कार्य शामिल हैं। भूमिपूजन कार्य में नगरपालिका के विभिन्न वार्डों में बी.टी.रोड़ निर्माण कार्य, सी.सी.रोड़ निर्माण, नाली एवं स्ट्रोम वाटर ड्रेन निर्माण, पेवर ब्लॉक (पाथवे) निर्माण कार्य, स्ट्रीट लाईट विस्तार, अधिकारी-कर्मचारी हेतु भवन निर्माण तथा सामुदायिक भवन निर्माण, रणजीता स्टेडियम के पास सूर्य नमस्कार एवं सौदर्यकरण, सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट निर्माण कार्य, सेमर तालाब एवं देशपाण्डे पार्क का उन्नयन, थाना भवन पत्थलगांव, लोदाम और करडेगा निर्माण, ग्राम गीधा में वीव्हीटीजीएस छात्रों हेतु 50 सीटर बालक छात्रावास, सोनक्यारी में वीव्हीटीजीएस छात्रों हेतु 50 सीटर बालिका छात्रावास, भड़िया में वीव्हीटीजीएस छात्रों हेतु 50 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण तथा हुण्डरूपाठ से कनेलीपाट, कर्णपुर से कोरवा बस्ती, अंकीराकोना से जोगीसरवा वि.ख.सड़क निर्माण कार्य-लम्बाई-3.20 कि.मी., हर्रापाठ से डाकाकोना, टी.आर-06 से खम्हनटोली, सड़क निर्माण लम्बाई-4.40 कि.मी. बेंजोरा से डहुकोना, तालासिली से हर्रापाठ, सड़क निर्माणलम्बाई-11.20 कि.मी. सी.जी.07-एम-87 सड़क निर्माण, फरसाबहार-कुनकरी, लम्बाई-20.00 कि.मी., सिंगीबहार से अबीरा तक सड़क निर्माण लम्बाई-5.60 कि.मी., जामपानी से दुलदुला तक सड़क निर्माण कार्य लम्बाई-17.22 कि.मी. पलेपखना से पण्डरीपानी तक सड़क निर्माण कार्य लम्बाई-14.00 कि.मी. शामिल हैं। लोकापर्ण के कार्यों में नगरपालिका के वार्ड क्र 13 जिला अस्पताल के सामने जयस्तम्भ चौक उन्नयन, वार्ड क्र 08 कम्पोस्ट सेंटर एवं वार्ड क्रमांक 11 चीर बगीचा में आर.आर.सेंटर, वार्ड क्र 04 में सामुदायिक भवन, 50 सीटर शासकीय नवीन आदिवासी कन्या आश्रम जुरगुम में छात्रावास का निर्माण और 50 सीटर प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास नारायणपुर में छात्रावास का निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत नगर पालिका के अध्यक्ष अरविन्द भगत जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ,राम प्रताप सिंह ,नगर पालिका के उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव , भरत सिह कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, एस एस पी शशि मोहन सिंह जनसंपर्क आयुक्त डॉ रवि मित्तल नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय सहित अधिकारीगण और जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6 वीं (शिक्षण सत्र 2025-26) प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**दंतेवाड़ा,8 अप्रैल ( एजेंसी )।** आदिवासी विकास शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार शिक्षण सत्र 2025-26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर विभिन्न जिला मुख्यालयों में दिनांक 02 अप्रैल 2025 को प्राक्कयन परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए जिलावार सूची पर अवलोकन हेतु httpsÑ// eklavya.cg.nic.in/ पर उपलब्ध किया गया है। परीक्षा परिणाम के संबंध में विद्यार्थी अपना नाम, रोल नंबर में कोई त्रुटि हो तो अपने आवेदन में पूर्ण विवरण एवं मोबाईल नम्बर देते हुए प्रमाण स्वरूप प्रवेश पत्र के साथ संलग्न कर ई-मेल आई.डी. cgemsadmissionwzw{@gmailcom पर दिनांक 11 अप्रैल 2025 रात्रि 12 बजे तक कर सकते है।

### मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा अंतर्गत प्रयास विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा की तिथि जारी

***20 अप्रैल को होगी प्रवेश परीक्षा***

**दंतेवाड़ा, 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** आदिवासी विकास शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत् प्रतिभावान विद्यार्थियों को वर्ष 2025-26 में प्रयास विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा तिथि जारी कर दी गई है। इसके अनुसार परीक्षा तिथि 20 अप्रैल को निर्धारित है। जिसमें परीक्षार्थी प्रात: 9 बजे उपस्थित होगें। प्रात: 9:×0 बजे परीक्षार्थियों से ओएमआर शीट भराये जाएगें। साथ ही परीक्षा के लिए समय 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नियत किया गया है।

### आईटीआई गीदम में पीएम इंटर्नशिप स्कीम 2.0 में पंजीयन के लिए 04 से 12 अप्रैल 2025 तक होगा रजिस्ट्रेशन मेला

**दंतेवाड़ा, 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''पीएम इंटर्नशिप स्कीम 2.0'' में पंजीयन के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम में 04 अप्रैल 2025 से 12 अप्रैल 2025 तक रजिस्ट्रेशन मेला का आयोजन किया जा रहा हैं अत: आईटीआई उत्तीर्ण आवेदक जिसकी उम्र 21 से 24 वर्ष हो उपरोक्त अवधी में संस्था में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए httpsÑ//pminternship.mca.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता हैं।



### जनदर्शन में कलेक्टर ने दिए 50 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**अम्बिकापुर 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर विलास भोसकर ने जिलेवासियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्राप्त 50 मांग और शिकायत संबंधी आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। जनदर्शन में अवैध कब्जा हटाने, भूमि सीमांकन, बटवारा, फौत नामांतरण, मुआवजा राशि वितरण, अवैध रेत व पत्थर उत्खनन पर रोक, नहर मुआवजा और शासकीय उचित मूल्य दुकान की जांच से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित मामलों पर तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनिल नायक, अमृतलाल ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भिरावाही में आयोजित मरका पंडुम कार्यक्रम में हुए शामिल

**कांकेर 8 अप्रैल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांकेर के ग्राम भिरावाही में गोंडवाना समाज द्वारा आयोजित मरका पंडुम ( चैतरई महापर्व) के समापन अवसर पर आज शाम को सम्मिलित हुए, जिसमें उन्होंने गोंडवाना समाज के आराध्य बूढ़ादेव और आंगा देव की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा तथा उन्होंने तेंदू, चार, चिरौंजी, महुआ और आम फल का अर्पण किया। भिरावाही के गोंडवाना भवन परिसर में आयोजित मरका पंडुम के समापन अवसर पर समाजजनों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गोंडवाना समाज का काफी समृद्धशाली इतिहास रहा है। मरका पण्डुम पर्व में नए फलों, फसलों का अर्पण अपने देवी-देवताओं की परंपरा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे बड़े बुजुर्गो ने संस्कृति बनाई है, उसे अक्षुण्ण रखते हुए आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज को शिक्षित होने पर जोर देते हुए बच्चों को पढ़ाने के लिए सबको आगे आने तथा जागरूक होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हुआ है। देश के सर्वोच्च पद राष्टपति के पद पर आदिवासी समाज की महिला सुश्री द्रोपदी मुर्मू हैं, जो केंद्र सरकार की ऐतिहासिक पहल है। पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति का तेजी से विकास हुआ है, वहीं प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ने के नित नए अवसर मिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ में आईआईएम, आईआईटी, ट्रिपल आईटी जैसी उच्च संस्थाएं स्थापित हुई हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बबोधन में आगे कहा कि केन्द्र के सहयोग से प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर का कलंक नक्सलवाद जड़ से खत्म करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जाहिर करते हुए कहा कि आने वाले एक साल में माओवाद को समूल समाप्त करने का केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का संकल्प अवश्य पूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि अब नियद नेल्लानार योजना के दायरे में विस्तार किया जा रहा है, जिससे माओवाद प्रभावित क्षेत्र के अधिक से अधिक ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गोंडवाना समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर 80 लाख 48 हजार रूपए के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की घोषणा की। इसमें गोंडवाना समाज भवन के जीर्णोद्धार हेतु 45 लाख रुपए की घोषणा की। इसी तरह 200 मीटर बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 23 लाख 47 हजार रूपए और देवगुड़ी के आसपास सांदर्यीकरण विभिन्न कार्यों के लिए 12 लाख 01 हजार रूपए सहित कुल 80 लाख 48 हजार रूपए के विभिन्न कामों की घोषणा भी की। इसके पहले कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने विशिष्ट अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के हितचिंतक मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश का नेतृत्व कर रहे, यह गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासियों को अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और विरासत को विस्मृत नहीं करना चाहिए, क्योंकि यही हमारी जड़ और वास्तविक पहचान है। इस दौरान बस्तर गोंडवाना समाज के संभागीय अध्यक्ष सुमेर सिंह नाग ने सामाजिक गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, एसएसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला, डीएफओ आलोक बाजपेयी, नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी, सुमित्रा मारकोले सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण मौजूद थे।



## न्यूज ब्रेक

### गाजा में कहर बनकर टूटा इजरायल, बमबारी में 32 लोगों की गई जान

**येरूशलम 08 अप्रैल ( एजेंसी )।** गाजा पट्टी एक बार फिर हिंसा की चपेट में आ गई है। इजरायल द्वारा किए गए ताजा हवाई और जमीनी हमलों में कम से कम 32 लोगों की जान चली गई है। मृतकों में एक दर्जन से अधिक महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका दौरे पर हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करने वाले हैं। नेतन्याहू ने कहा है कि वह ट्रम्प के साथ इजरायल पर लगाए गए 17त्न नए शुल्क और गाजा में जारी युद्ध को लेकर बातचीत करेंगे। इस बीच, इजरायली रक्षा मंत्री ने बयान दिया कि इजरायल अब गाजा के कुछ बड़े इलाकों पर कब्जा करके उन्हें सुरक्षा क्षेत्र में तब्दील करेगा। इजरायल ने हाल ही में हमास के साथ युद्धविराम तोड़ दिया था और गाजा में एक नए सुरक्षा गलियारे के तहत सैनिकों की तैनाती शुरू कर दी थी। इसके जवाब में हमास ने भी इजरायल के दक्षिणी शहरों पर रॉकेट दागे। हालांकि, अधिकांश रॉकेट इजरायल के डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नष्ट कर दिए। इजरायली टीवी चैनल 12 के अनुसार, अश्कलोन शहर में एक रॉकेट हमले के चलते कम से कम 12 लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। हमास ने इन हमलों को गाजा में हो रहे इजरायली नरसंहारों के जवाब में अंजाम दिया बताया है। रविवार की रात हुए इजरायली हमलों में दक्षिणी गाजा के खान यूनिस क्षेत्र में एक घर और एक तंबू को निशाना बनाया गया, जिसमें पांच पुरुष, पांच महिलाएं और पांच बच्चे मारे गए।

### ट्रम्प के टैरिफ से दुनियाभर में भूकंप, 'अमेरिका में 'ब्लैक मंडे' की भविष्यवाणी

**न्यूयॉर्क 08 अप्रैल ( एजेंसी )।** वैश्विक ब्रोकरेज और अर्थशास्त्रियों ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा घोषित रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए भविष्य में अमेरिका में मंदी के आने की चेतावनी दी है। जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी के अनुसार, हम टैरिफ के भार के तहत वास्तविक जीडीपी अनुमान में कटौती की उम्मीद करते हैं और पूरे वर्ष के लिए अब वास्तविक जीडीपी वृद्धि -0.3 प्रतिशत की उम्मीद करते हैं, जो पहले 1.3 प्रतिशत थी। फाइनेंशियल कॉमेंटेटर और सीएनबीसी के शो मैड मनी के होस्ट जिम क्रैमर ने 1987 जैसे 'ब्लैक मंडे' आने की भविष्यवाणी की है। क्रैमर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को इसकी वजह बताया है। क्रैमर ने कहा- अगर ट्रम्प नियमों का पालन करने वाले देशों को राहत नहीं देते हैं, तो 1987 का परिदृश्य- तीन दिन की गिरावट और फिर सोमवार को 22त्न की गिरावट- सबसे संभावित है। हमें यह जानने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सोमवार तक यह पता चल जाएगा। जिम क्रैमर की बड़ी भविष्यवाणी जो सही साबित हुई है। 2022 की शुरुआत में, क्रैमर ने बाजार में अस्थिरता की भविष्यवाणी की थी, जो सच हुई। उस साल स्टॉक्स में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। एसएंडपी 500 इंडेक्स लगभग 19त्न गिरा। उनकी यह चेतावनी निवेशकों के लिए उपयोगी रही। 2008 के वित्तीय संकट के बाद क्रैमर ने 2009 में बाजार में सुधार की भविष्यवाणी की। उन्होंने निवेशकों से पिटे हुए शेयरों में अवसरों को तलाश करने की सलाह दी। उस साल एसएंडपी 500 इंडेक्स में 23.5त्न की तेजी आई।

# 'देश को सुदृढ, सशक्त और सम्पूर्ण विकसित करने संकल्पित है भाजपा'

**महासमुंद, 08 अप्रैल ( संवादसाधना )।** जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा का स्थापना दिवस कार्यक्रम 6 अप्रैल को भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कृषि एवं बीज विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टांकसाले, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू की उपस्थिति में मनाया गया।



स्थापना दिवस के मंचीय कार्यक्रम के पूर्व जिला कार्यालय में झंडोत्तोलन कर भव्य आतिशबाजी की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जनसंघ से लेकर 6 अप्रैल 1980 को गठित हुए भाजपा का सफर संघर्षमय रहा है। भाजपा के गठन पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि भाजपा की कल्पना एक ऐसे राष्ट्रनिर्माण की निर्माण की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से प्रगतिशील प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो। प्राचीन भारतीय सभ्यता, संस्कृति से प्रेरणा लेते हुए भारत विश्वशक्ति और विश्वगुरु के रूप में स्थापित हो। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में देश अंत्योदय, सुशासन, विकास और समृद्धि की ओर बढ़ चला है। कृषि एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि देशभक्त वीर महापुरुषों के त्याग, तपस्या और बलिदान से देश को आजादी तो मिली, पर देश में सर्वाधिक समय तक शासन में रही कांग्रेस के परिवारवाद और तुष्टिकरण की ओछी मानसिकता के चलते देश पर विदेशी ताकतों का हुकूमत चलता ही रहा। देश के बंटवारे के साथ देश के इतिहास का कलंक और काला अध्याय आपातकाल का दौर कांग्रेस की दी हुई वह भयावह पीड़ा है जो देश कभी नहीं भूलेगा। कार्यक्रम का संचालन मंडल पदाधिकारी हनीश बग्गा और आभार मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री एम आर विश्वनाथन, कार्यक्रम की शहर संयोजक पूर्व वरिष्ठ पार्षद मीना वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, राहुल चंद्राकर, पूर्व उपाध्यक्ष कौशल्या बंसल, संदीप दीवान, प्रकाश शर्मा, पार्षद नईम भाई, शुभ्रा शर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, सूर्यवंशी, माखन पटेल, पीयूष साहू, शंकर चंद्राकर, मुन्ना साहू, अनिस बग्गा, आनंद साहू, राकेश सचदेवा, रामेश्वर पटवा, गिरि महाराज, सुनीता देवांगन, सुनीता साहू, समीर करकसे, बंटी शर्मा, शरद राव, उषा पाल, सुनीता देवांगन, गोविंद ठाकुर, जितेंद्र साहू, विशन, जग्गू छुरा, गणेश नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## श्रीराम नवमीं पर विभिन्न मंदिरों में नपाध्यक्ष ने की पूजा

**महासमुंद, 08 अप्रैल ( संवादसाधना )।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू नवरात्र के अंतिम दिवस रामनवमीं के अवसर परशहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों सहित श्रीराम जानकी मंदिर व दलदली रोड स्थित महाकाली मंदिर पहुंचे। श्री साहू हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में शामिल हुए। अन्य हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना कर शहर की खुशहाली, सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। श्रीराम जानकी मंदिर कुर्मीपारा में उन्होंने सपरिवार पहुंचकर प्रभु श्रीरामचंद्र की पूजा की। वहीं, ग्राम बेलसोंडा के श्रीराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा में भी शामिल हुए। दलदली रोड वार्ड 11 स्थित काली मंदिर में नवकन्या भोज कार्यक्रम में शामिल होकर माता स्वरूपा 9 कन्याओं की पूजा कर आशीर्वाद लिया। श्री साहू ने रामनवमीं पर्व पर हुए आयोजनों को लेकर कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्शों से भरा है। मानव रूप में स्वयं जगत के पालनहार ने धरती पर अवतरित होकर मानव जाति को संयम, धैर्य, मानवता, कर्तव्य पराणता, मर्यादित जीवन, बड़ों का आदर, समाज में सद्भावना की सीख दी। भगवान श्रीराम भारत की पहचान है।




## सिर्रीकला में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

**सिर्रीकला,08 अप्रैल ( संवादसाधना )।** ग्राम सिर्रीकला बाजार चौक में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव 7 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। कथावाचक सिरकट्टी आश्रम कुटेना पाण्डुका वाले संत मंडलेश्वर गोवर्धन शरण व्यास महाराज कथा श्रवण करा रहे हैं। सोमवार को कलश यात्रा के बाद कथा प्रारंभ की गई। श्रीमद् भागवत कथा का आज द्वितीय दिवस है कथा श्रवण करने ग्रामवासियों के अलावा क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## गंगनहर में गिरकर युवक लापता

**रुड़की।** बुलंदशहर के जखेता गांव निवासी 21 वर्षीय ऋतिक कुमार दिल्ली की किसी कंपनी में काम करता है। चार दिन पहले वह अपने चार दोस्तों के साथ रुड़की में कंपनी के किसी काम से आया था। रविवार को काम समाप्त होने के बाद वह अपने दोस्तों के साथ गंगनहर किनारे घूमने चला गया था। इस दौरान अचानक ऋतिक का पैर फिसल गया और वह गंगनहर में गिरकर पानी के तेज बहाव में बहकर लापता हो गया। पुलिस ने सोमवार की सुबह आपदा राहत दल 40 पीएसी हरिद्वार के इंचार्ज इखलाक मलिक के नेतृत्व में गंगा घाट से गणेशपुर पुल तक घंटो सर्च अभियान चलाया गया लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चला। सीओ रुड़की नरेन्द्र पंत ने बताया कि गंगनहर में लापता युवक की तलाश जारी है। उन्होंने लोगों से गंगनहर में ना नहाने की अपील की।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर कल मंत्रोच्चार, प्रवचन व सम्मान सभा

**महासमुंद, 08 अप्रैल ( संवादसाधना )।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में लोहिया चौक में 9 अप्रैल को प्रातः 8.01 बजे से 9.36 बजे तक नवकार महामंत्र का जाप रखा गया है। इस जाप का आयोजन विश्व के 109 देशों में एक साथ एक समय पर किया जा रहा है। महासमुंद में इस जाप का आयोजन सकल जैन श्री संघ के तत्वावधान में किया जा रहा है। नवकार महामंत्र जैन धर्म का मूल मंत्र है जिसे प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री ऋषभदेव जी ने दिया था। इस कार्यक्रम में शहर के सभी समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और नवकार मंत्र की महिमा सभी के समक्ष रखेंगे। इस मंत्रोच्चार के पश्चात पूज्य मसा का प्रवचन होगा। अंत में जैन समाज के साधु साध्वियों के आवागमन के उपरांत सहयोग करने वाले अन्य समाज के सहयोगियों का सम्मान जैन समाज के द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद महासमुंद शाखा की तरफ से प्रसाद वितरण किया जाएगा और श्री शांति विजय भक्त मण्डल की तरफ से नवकार यंत्र भेंट स्वरूप प्रदान किया जाएगा। नवकार महामंत्र की महिमा का वर्णन करते हुए जैन श्री संघ के सचिव सीए रितेश गोलछा ने बताया कि इस मंत्र का जाप करने से सभी प्रकार की परेशानियाँ नष्ट हो जाती है। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण मंत्र है जो अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय एवं जग में जितने साधुगण हैं सबको नमस्कार करता है। यह एक आत्मकल्याणकारी मंत्र है जो आत्मा को पवित्र करता है और समस्त पापों का नाश करता है। नवकार मंत्र के जाप से पाप कर्मों की बेड़ियाँ कट जाती है। नवकार मंत्र का जाप करने वाला व्यक्ति निडर और आत्मविश्वासी बन जाता है। सकल जैन समाज ने सभी समाज, राजनैतिक दलों, शासकीय कर्मचारियों, व्यापारीयों, संगठनों व समस्तजनों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का निवेदन किया है। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के सचिव रितेश गोलछा ने प्रदान की।



## सेवानिवृत्ति पर व्याख्याता महानंद को दी गई विदाई

**महासमुंद, 08 अप्रैल ( संवादसाधना )।** शासकीय हाईस्कूल सोरिद में पदस्थ व्याख्याता धरम सिंह महानंद को अर्द्धवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर 31 मार्च को विदाई दी गई।

विदाई एवं सम्मान समारोह में हाई स्कूल स्टाफ, पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक शाला स्टाफ, पूर्व प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोरिद सरिता तिवारी, प्रमोद तिवारी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, नवनिर्वाचित सरपंच जानकी प्रहलाद ध्रुव, , पंचगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रभारी प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी ने दी।

## बहुदिव्यांग विशेष आवासीय विद्यालय व वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

**महासमुंद, 08 अप्रैल ( संवादसाधना )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के सचिव आफरीन बानो ने महासमुंद शहर बागबाहरा रोड स्थित बहुदिव्यांग विशेष अवासीय विद्यालय तथा नयापारा दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव आफरीन बानो ने दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम पहुंचकर उपस्थित वृद्धजनों से उनका हालचाल जाना व सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही वृद्धजनों को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धजनों के लिए चलाए जा रहे अभियान करूणा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए माता पिता भरण-पोषण अधिनियम के बारे में भी बताया। उन्होंने आश्रम में दी जा रही सुविधा जैसे-भोजन, पानी, बिजली, स्वच्छता अथवा मनोरंजन के साथ साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी विस्तापूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने बागबाहरा रोड स्थित बहुदिव्यांग विशेष अवासीय विद्यालय में शिक्षा, क्रीड़ा, मनोरंजन के साधन तथा शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। दिव्यांग बच्चों का रहन-सहन, साफ-सफाई, भोजन एवं स्वस्थ्य तथा चिकित्सा सुविधाओं से संबंधी चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान सचिव आफरीन बानो ने कार्यरत कर्मचारियों को दिव्यांग बच्चों को उचित संरक्षण व भावुकतापूर्ण देखभाल





### कार्यालय कलेक्टर ( भू-अर्जन शाखा ) महासमुन्द जिला महासमुंद ( छ.ग. )

### // सार्वजनिक सूचना //

क्रमांक 37 क/कले./भू-अर्जन/बावनकेरा/2025 महासमुंद दिनांक 02/04/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय-नीति 2016 के अन्तर्गत बावनकेरा से खम्हारमुड़ा मार्ग लं. 1.45 कि.मी. निर्माण कार्य में ग्राम बावनकेरा प.ह.नं.20 रा.नि.मं. झलप तहसील व जिला महासमुन्द की भूमि कार्यपालन अभियन्ता लो.नि.वि.( भ/स) संभाग महासमुन्द द्वारा प्रस्तावित ग्राम बावनकेरा प.ह.नं.20 रा.नि.मं. झलप तहसील व जिला महासमुन्द स्थित निम्नांकित भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियन्ता लो.नि.वि.( भ/स) संभाग महासमुन्द को प्रदाय किये जाने का विचार किया जा रहा है-

| स. क्रं | भू-धारक/खातेदार की मृत्यु होने पर विधिक वारिसान का नाम | प्रस्तावित ख.नं. | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का रकबा (हे.में) | भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संतोष यादव पिता लाल जी शबाना तब्बसुम पति जावेद | 465 | 0.43 | 0.0476 | स्वच्छ धारणाधिकार की असिंचित कृषि भूमि |
| 2 | परवेज, नसरीन खान पति आशिफ खान, रोसनास खान | 463<br>2007 | 0.50<br>1.22 | 0.0784<br>0.0980 | स्वच्छ धारणाधिकार की असिंचित कृषि भूमि |
| 3 | पति रसिद इकबाल | योग 2 | 1.72 | 0.1764 | |
| | मायादेवी पति सुरेश कुमार | 2008 | 0.17 | 0.0168 | स्वच्छ धारणाधिकार की असिंचित कृषि भूमि |
| 4 | परमजीत कौर पति रविन्द्रर सिंह | 446<br>447<br>योग 2 | 0.14<br>0.10<br>0.24 | 0.0526<br>0.0090<br>0.0616 | स्वच्छ धारणाधिकार की असिंचित कृषि भूमि |
| 5 | रंजना पति राजेन्द्र कुमार, नाबा. पल्लवी, ईसवी पिता राजेन्द्र कुमार वली मो रंजना, राजकमल पिता छबिराम | 445 | 0.21 | 0.0096 | स्वच्छ धारणाधिकार की असिंचित कृषि भूमि |

बावनकेरा प.ह.नं. 20 नीजि भूमि कुल कृषक संख्या 05 कुल ख.नं. 07 कुल रकबा 2.770 हे. में से अर्जित रकबा 0.3120 हे. असिंचित/सिंचित कृषि भूमि

तद्संबंध में यदि किसी व्यक्ति या सज्जन को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से अधिसूचना जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द के समक्ष उपस्थित होकर लिखित दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि दिनांक 17/04/2025 के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। यह सार्वजनिक सूचना आज दिनांक 02/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की पदमुद्रा साथ जारी किया गया ।

जी-252600119

कलेक्टर/भू-अर्जन अधिकारी
महासमुंद ( छत्तीसगढ़ )


# सनथ जयसूर्या ने पीएम मोदी से की ये अपील, मिला यह जवाब

**कोलंबो ,08 अप्रैल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलंबो दौरे के दौरान श्रीलंका के 1996 वर्ल्ड कप विजेता क्रिकेट खिलाड़ियों से खास मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने श्रीलंकाई क्रिकेट दिग्गजों के साथ बातचीत की, जिनमें सनथ जयसूर्या, चमिंडा वास, अरविंद डी सिल्वा, मार्वन अटापट्टू, रविंद्र पुष्पकुमारा, उपुल चंदाना, कुमार धर्मसेना और रोमेश कालूवितराना जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल थे।

इस मुलाकात के दौरान, श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कोच और पूर्व क्रिकेट स्टार सनथ जयसूर्या ने पीएम मोदी से एक खास अपील की। सनथ जयसूर्या ने प्रधानमंत्री से जाफना में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने की मांग की। उन्होंने बताया कि श्रीलंकाई टीम के लिए यह एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि जाफना में अब तक कोई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान नहीं है। जयसूर्या ने कहा, हम पूरे श्रीलंका में क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन जाफना में कोई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम नहीं है। अगर भारत हमारी मदद कर सके और जाफना में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बना सके, तो यह उत्तर और पूर्वी श्रीलंका के लोगों के लिए बड़ी मदद होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम उन क्षेत्रों में क्रिकेट के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जो खेल के लिहाज से पीछे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत हमेशा पड़ोसी पहले नीति पर विश्वास करता है और अपने पड़ोसी देशों की मदद करने के लिए तैयार रहता है। उन्होंने कहा, भारत हमेशा अपने पड़ोसी देशों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाए रखना चाहता है। हम श्रीलंका के संकट के समय भी वहां की मदद के लिए आगे आए थे और हम भविष्य में भी आपकी मदद करने के लिए तैयार हैं। पीएम मोदी ने जाफना में क्रिकेट स्टेडियम बनाने के विचार को सराहा और आश्वासन दिया कि भारत इस दिशा में हर संभव प्रयास करेगा। इस मुलाकात के दौरान श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया और भारत द्वारा श्रीलंका के आर्थिक संकट के समय दी गई मदद के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत की सहायता ने श्रीलंका को उस मुश्किल समय में उबरने में मदद की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पड़ोसी पहले नीति को फिर से दोहराया और उदाहरण के रूप में म्यांमार में हाल ही में आए भूकंप के बाद भारत द्वारा की गई सहायता का हवाला दिया। उन्होंने कहा, हमने म्यांमार में भूकंप के बाद सबसे पहले सहायता भेजी थी। इसी तरह, श्रीलंका के संकट के समय में भी भारत ने अपनी ओर से हर संभव मदद की थी।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ( भवन/सड़क ), संभाग महासमुन्द

ज्ञाप क्रमांक./1520/ नि.सू.क्र.-1/2025-26 महासमुन्द दिनांक 04/04/2025

**रूचि की अभिव्यक्ति**

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत इस कार्यालय द्वारा समय-समय पर आवश्यकता अनुसार मान. मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण की आमसभा, वी.आई.पी. कार्यक्रम तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों इत्यादि हेतु टेंट, पंडाल, मंच इत्यादि के आयोजन व्यवस्था संपादित किया जाता है। वर्ष 2025-26 में इस कार्यालय द्वारा संपादित किये जाने वाले ऐसे कार्यक्रमों हेतु योग्य टेंट हाउस प्रतिष्ठानों की सूची तैयार किये जाने तथा आयटमों के दर निर्धारण हेतु इच्छुक अनुभवधारी एवं अर्हताधारी टेंट हाउस प्रतिष्ठानों से सहमति तथा आयटमवार दर प्रस्तुत करने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक योग्य टेंट हाउस प्रतिष्ठान दिनांक 17.04.2025 तक कार्यालय दिवस में इस कार्यालय में उपस्थित होकर अभिव्यक्ति प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा भरा प्रपत्र दिनांक 24.04.2025 तक स्पीड पोस्ट द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है।

अभिव्यक्ति आमंत्रण प्रपत्र प्राप्त करनें हेतु आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज / प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा-

**आवश्यक अर्हताएं-**

1.टेंट हाउस प्रतिष्ठान के मालिकाना तथा लाईसेंस की प्रति होना चाहिये।.
2. जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति।
3. टेंट हाऊस प्रतिष्ठान का विगत 3 वर्षो मे टेंट हाउस कार्यक्रम संपादन औसत वार्षिक टर्न ओवर कम से कम रू. 50.00 लाख होना आवश्यक है, तत्संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4.विगत 3 वर्षों में छ.ग. राज्य में संपादित महत्वपूर्ण कम से कम 2 व्ही. व्ही.आई.पी. कार्यक्रम संपादित किये जाने, जिसमें प्रति कार्य के लागत कम से कम रू. 30.00 लाख होने का अनुभव प्रमाण पत्र, जो कार्यपालन अभियंता / समकक्ष अथवा उच्च अधिकारी से हस्ताक्षरित हो।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.( भ/स ) संभाग महासमुन्द
जिला महासमुन्द ( छ.ग. )

जी-252600118



नगर के छबिगृह में




श्री विठोबा
टॉकिज
रोजना
सिकंदर

## बाइकों की टक्कर, दो अलग-अलग मामले में तीन मृत

**महासमुंद, 08 अप्रैल (संवाद साधना)।** जिले के अलग-अलग थानाग क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना के दो मामलों में दो लोगों की मौत हो गई। कोतवाली अंतर्गत घोड़ारी में बाइक की टक्कर से एक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नदी चौक ग्राम घोड़ारी के पत्थर खदान में काम करने करने वाला लक्ष्मण खंडेलवाल 5 अप्रैल को मजदूरी लेने खदान गया था। मजदूरी लेकर शाम लगभग 6 बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 सीजेड 8142 से वापस कांपा जा रहा था। एनएच-53 रोड करनैल ढाबा ग्राम घोड़ारी के पास पहुंचने पर बरबसपुर की ओर से विपरीत दिशा से बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजेड 3853 के चालक ने सामने से ठोकर मार दिया। जिससे लक्ष्मण खंडेलवाल के सिर, कंधे, कमर एवं बांया पैर में गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। दूसरे मामले में पटेवा थाना अंतर्गत एनएच-53 पर एक बाइक चालक की दुर्घटना में मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि ग्राम चिरको थाना पटेवा निवासी नेमीचंद साहू (36) की मर्ग जांच के दौरान प्रत्यक्षदर्शी गवाह रेखचंद साहू, जितेंद्र साहू ने पूछताछ में बताया कि 5 अप्रैल को रेखचंद साहू, जितेंद्र साहू बाइक से छछान माता मंदिर गए थे, बाद छछान माता चौक के पास खड़े थे, उसी समय गांव का नेमीचंद साहू अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीके 5266 में करणी पावर प्लांट तुमगांव से काम कर वापस ग्राम चिरको जा रहा था, जिनसे मुलाकात होने पर तीनों अपनी-अपनी बाइक से ग्राम चिरको जा रहे थे। शाम करीब 6.45 बजे नवागांव के पास पीछे से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 23 एन 4520 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर नेमीचंद की बाइक को पीछे से ठोकर मार दिया, दुर्घटना में नेमीचंद साहू के सिर एवं शरीर के अन्य जगहों में गंभीर चोटें आई। उन्हें ईलाज के लिए सीएचसी तुमगांव ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## न्यूज ब्रेक

### 10 मई को नेशनल लोक अदालत

**महासमुंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी 10 मई को जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। तत्संबंध में सोमवार को अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने जिला न्यायालय के सभाकक्ष में प्रीलिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक आहूत की थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानों ने बताया कि न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य और प्रभावित पक्षकारों को त्वरित व सस्ता व सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिसके लिए जिला न्यायालय महासमुंद व बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली तालुका स्थित सभी न्यायालयों में खण्डपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन से संबंधित प्रकरण निराकरण किया जाएगा।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण कल

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का ब्लॉक स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 9 अप्रैल को प्रातः 11 बजे गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक महासमुंद में आयोजित है। जिसमें कक्षा पांचवी से 12वीं, महाविद्यालय तक नौ वर्गों में आयोजित परीक्षा में मेरिट सूची में आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व संबंधित संस्था के संस्था प्रमुखों एवं संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के निकटतम वारिसानों के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरकंडा की मृतका तानी ठाकुर के पिता भानुप्रताप ठाकुर के लिए 04 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## सचिवों की हड़ताल जारी, पंचायतों के काम प्रभावित

**महासमुंद, 01 अप्रैल**
**(संवाद साधना)**

शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव आज 22 वें दिन भी पटवारी कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे रहे। सोमवार को उन्होंने अपनी मांग को लेकर जिला स्तरीय रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बता दें कि जिला स्तरीय इस रैली में जिले के 545 ग्राम पंचायतों के सचिवों ने भाग लिया। धरना स्थल से हड़ताली सचिवों ने रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। सचिवों



ने ज्ञापन में बताया कि पिछले 20 दिनों से वे शहर के पटवारी दफ्तर के समक्ष हड़ताल कर रहे हैं। लेकिन, प्रशासन की ओर से कोई भी उनकी मांगें और विचार पूछने धरना स्थल पर नहीं पहुँचा। फलस्वरूप उन्होंने आंदोलन को बढ़ाते हुए उग्र किया है। इधर, हड़ताल की वजह से पिछले 22 दिनों में पंचायतों का काम ठप है। प्रशासन ने ग्रामों में करारोपण अधिकारियों को ड्यूटी के लिए आदेशित किया था। लेकिन, करारोपण अधिकारियों ने प्रभार लेने से इंकार कर दिया। हड़ताल से ग्रामों में पेयजल, राशन कार्ड, निराश्रित कार्य, निर्माण कार्य सहित अनेक काम प्रभावित हो रहे हैं।

# सुशासन तिहार का आगाज, पंचायतों और नगरीय निकायों में आवेदन दे रहे नागरिक

**महासमुंद, 08 अप्रैल**
**(संवाद साधना)**

'सुशासन तिहार 2025' के प्रथम चरण के अंतर्गत मंगलवार 8 अप्रैल से समस्या, शिकायत और मांगों को लेकर आवेदन देने की प्रक्रिया आज सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हो गई है। आवेदन लेने की प्रक्रिया शुक्रवार 11 अप्रैल तक चलेगी। आवेदक उक्त स्थानों पर जाकर अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पंचायतों के अलावा कलेक्ट्रेट ,जनपद और तहसील कार्यालयों में भी समाधान पेटी लगाए गए हैं। जहां नागरिक आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए जिले के पांचों विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए जिले में 51 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी में प्राप्त आवेदन पत्रों के संकलन एवं जमा करने हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।





**प्रत्येक पंचायतों एवं नगरीय निकायों में लगाई गई है समाधान पेटी**

### कलेक्टर सहित जिला अधिकारी कर रहे निरीक्षण

कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक सहित नोडल अधिकारी सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदन लेने की प्रक्रिया और इन केंद्रों में व्यवस्था का अवलोकन करने पंचायतों में पहुंच रहे हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बम्हनी में आवेदन लेने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को आवेदन देने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने नागरिकों से जानकारी भी ली। आवश्यकतानुसार कई केंद्रों में आवेदन देने मदद करने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

### नागरिकों को है सुशासन पर भरोसा

आज सुबह 10 बजे ग्राम परसदा निवासी विक्रम चंद्राकर ने गांव में पेयजल की समस्या को देखते हुए नलकूप खनन की मांग की। उन्हें विश्वास है कि उनकी मांग का निराकरण होगा। इसी तरह ग्राम खैराभांठा के दुलारी बाई तारक ने रोजगार के लिए आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार की अच्छी सोच है कि हमें अपनी मांग और समस्याओं को बताने एक उचित प्लेटफॉर्म मिल रहा है। इसी तरह सीताराम चौहान ने कहा कि उन्हें गांव में हुए अतिक्रमण को लेकर चिंता है, आवेदन के माध्यम से उन्होंने विश्वास जताया कि उनके आवेदन पर अवश्य निर्णय होगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरी एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में 8 से 11 अप्रैल तक प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन आम जनता से समाधान पेटी में आवेदन प्राप्त कर सेक्टर अधिकारियों द्वारा आवेदन पत्रों को संकलित कर प्रतिदिन शाम 5:30 बजे तक जमा करने के लिए प्रत्येक अनुविभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## महासमुंद में बनेंगी 33 नई सोसाइटियां

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग के तहत 'प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों के पुनर्गठन योजना 2025' को छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित किया गया है। इस योजना के तहत जिलेवार पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसके अंतर्गत महासमुंद जिले में 33 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियाँ अस्तित्व में आने जा रही हैं। पुनर्गठन के प्रस्ताव पर संबंधित सदस्य, सोसायटियाँ, बैंक शाखाएँ एवं अन्य हितधारी 08 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक अपनी दावा-आपत्तियां तीन प्रतियों में कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला महासमुंद (छ.ग.) के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समिति का कार्यालय शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर की समस्त महासमुंद जिले की शाखाएं, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर प्रक्षेत्र महासमुंद से प्राप्त एवं कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला महासमुंद के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते हैं। यदि कोई आवेदक दावा-आपत्ति के निराकरण से संतुष्ट नहीं हैं, तो वह 07 दिवस के भीतर संयुक्त आयुक्त, सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं रायपुर, लालगंगा शॉपिंग मॉल के सामने, जी.ई. रोड रायपुर के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है।

## विधायक ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से जाना हाल-चाल

**महासमुंद, 08 अप्रैल**
**(संवाद साधना)**

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सोमवार को जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी काउंटर, वार्डों में भर्ती मरीज व उनके परिजनों से मुलाकात की। साथ ही अलग-अलग विभागों में जाकर अस्पताल के स्टाफ से भी कार्यों की जानकारी ली। साथ ही वहां उपस्थित विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों और अन्य स्टाफ को मरीजों की सही देखरेख, समुचित इलाज उपलब्ध कराने की हिदायत दी। साथ ही गर्मी को देखते हुए



अस्पताल में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया।

सबसे पहले विधायक श्री सिन्हा ओपीडी काउंटर के पास पहुंचे और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे मरीज व उनके परिजनों से बातचीत की। साथ ही जांच कराने पहुंचीं गर्भवती महिलाओं से भी हालचाल जाना। इसके पश्चात वे अलग-अलग वार्डों में भर्ती मरीजों से मिलने पहुंचे। चिकित्सकों की उपस्थिति में मरीजों से इलाज के संबंध में जानकारी ली। साथ ही परिजनों से भी अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। पश्चात वे अलग अलग विभागों में पहुंचकर स्टाफ व चिकित्सकों से मिले। उन्हें भी निर्देशित करते हुए मरीजों की सही देखभाल और इलाज देने कहा। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता मुन्ना साहू, पप्पू ठाकुर, गिरधर यदु, पार्षद विजय साव, पवन साहू, मोहन साहू उपस्थित रहे।

## छग बीज निगम के बिना अनुमति कृषि विभाग द्वारा करोड़ों की खरीदी : विनोद

**महासमुंद, 08 अप्रैल**
**(संवाद साधना)**

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार को अंजाम देने तथा निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने नियम विरूद्ध बीज खरीदी कर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया है। पूर्व में महासमुंद जिला कृषि विभाग के अधिकारियों ने निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने नियम विरूद्ध बीज व उपकरण खरीदी की शिकायत की थी। विधानसभा में विभागीय मंत्री को कृषि विभाग द्वारा विभिन्न जिलों के अधिकारियों द्वारा दी गई बीज खरीदी की गलत जानकारी की जाँच की मांग एक बार पुनः श्री चंद्राकर ने प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन, कृषि उत्पादन आयुक्त मंत्रालय रायपुर को पत्र प्रेषित कर की है।

श्री चंद्राकर ने गत 2 अप्रैल 2025 को प्रमुख सचिव को प्रेषित पत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गलत उत्तर दिये जाने की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग कर कहा है कि अधिकारियों द्वारा विधानसभा में विभागीय मंत्री को गलत जानकारी दी गई है, जिसकी बिंदुवार जाँच किए जाने की आवश्यकता है। प्रश्न क्र. ख के उत्तर में कहा गया है कि शासन स्तर से राष्ट्रीय बीज निगम से बीज क्रय करने के संबंध में पृथक से कोई निर्देश जारी नहीं हुआ है। इसका अर्थ यह है, कि बिना शासन के निर्देश एवं परिपत्र के कृषि विभाग के जिला अधिकारियों ने राष्ट्रीय बीज निगम से प्रश्नांश अवधि में करोड़ों की खरीदी की, जो अवैध है। प्रश्न के विधानसभा में दिये गये उत्तर के बिंदु क्रमांक 'ग' में जवाब दिया गया है, कि 'बीज क्रय करने का संपूर्ण अधिकार जिला अधिकारियों को है', जो पूर्णतः गलत है। क्योंकि बीज क्रय करने का संपूर्ण अधिकार छत्तीसगढ़ बीज निगम को है, ना की राष्ट्रीय बीज निगम को। इस स्थिति में यह स्पष्ट है, कि संबंधित अधिकारियों द्वारा विधानसभा में पूर्णतः गलत जानकारी दी गई है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि राष्ट्रीय बीज निगम स्वयं कोई बीज उत्पादन नहीं करता है, अपितु वह कंपनियों की मार्केटिंग करता है। इस प्रकार राष्ट्रीय बीज निगम से क्रय कर संबंधित निजी कंपनियों को करोड़ों का लाभ पहुँचाया गया है। विधानसभा में किये गये प्रश्नावधि के दौरान राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा किन-किन कंपनियों को भुगतान किया गया है, इसकी जांच पश्चात स्पष्ट हो जायेगा, कि राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा अपने चहेते कंपनियों को ही करोड़ों रुपए का लाभ पहुँचाते हुए छत्तीसगढ़ शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाइ गई है। इसकी भी जांच कराया जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा है कि विधानसभा के उपरोक्त प्रश्न के पैरा 'ख' के जवाब में ₹कृषकों के मांग अनुसार छ.ग. बीज निगम में बीज उपलब्ध ना होने, बीज की दर अनुमोदित ना होने अथवा बीज निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर राष्ट्रीय बीज निगम से खरीदी की गई है। छग बीज निगम से दरें अनुमोदित कराने एवं निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही का काम संचालक, कृषि एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों का है। लेकिन जानबूझकर दरों को अनुमोदित नहीं कराया गया। और निजी कंपनियों को राष्ट्रीय बीज निगम के माध्यम से करोड़ों रुपए का लाभ पहुँचाया गया।



## नपा उपाध्यक्ष को तरबूजों से तौला

**महासमुंद, 08 अप्रैल (संवाद साधना)।** नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी का जन्मदिवस वार्ड-14 रेलवे पटरी किनारे व वार्ड-19 बढ़ई पारा में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। वार्ड-14 के पटरी किनारे के लोग नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवीचंद राठी को तरबूज से तौला, वहीं वार्ड-19 बढ़ईपारा में केक काटकर जन्मदिन की खुशी मनाई गई। इस अवसर पर श्री राठी ने जन्मदिन मनाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि-जनता के स्नेह का परिणाम हैं कि मैं नगरपालिका में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुआ हूं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का आवेदन जमा हो रहा है आवेदन शीघ्र जमा करें जिससे आप लोगों को आवास का लाभ मिल सके। जन्मदिन कार्यक्रम का आयोजन तिरीथ सोनी, शरद मराठा ने नागरिकों के माध्यम से किया। इस अवसर पर राखी मानिकपुरी, पलाश यादव, जनक साहू, अंशुराव, रोशन बग्गा, सार्थक साहू, शाहिद खान, अरशद, मुन्ना साहू, सुरेंद्र शर्मा, कृषराव, भारती साहू, आशा बाई, सुधाबाई, गंगा बाई आदि उपस्थित थे।


स्वामित्व **कविता शर्मा** के लिए प्रकाशक **विपिन कुमार दुबे** मुद्रक **विपिन कुमार दुबे** द्वारा श्वेता ऑफसेट वार्ड नं. 28 बीटीआई रोड महासमुंद प्रकाशन स्थल वार्ड नं.28 बीटीआई रोड महासमुंद **संपादक विपिन कुमार दुबे**, डाक पं.क्र.CG/RYP DN/19/2011-13, RNI. NO.CHHHIN/2005/17444फो.224812पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार